प्रकाशक

वीरसेवामंदिर

१, दरियागंज, दिल्ली

प्रथम संस्करण १९५३

मूल्य

एक रुपया

मुद्रक

नेशनल प्रिंटिंग वर्क्स

दिल्ली

तपोनिधि पूज्य आचार्यश्री १०८ नमिसागरजी
महाराज के कर-कमलों में

राजकृष्ण जैन

प्रकाशकीय

यह पुस्तक अपने नामानुकूल श्रवणबेलगोल तथा दक्षिण के अन्य जैन-तीर्थों का अच्छा पथप्रदर्शन करनेवाली है—सक्षेप में उनके परिचय तथा इतिहास को लिये हुए है और अच्छे रोचक ढग से लिखी गई है। इसके लिखने मे लेखक महानुभाव ला० राजकृष्णजी ने काफी श्रम उठाया है और तभी यह इतने थोडे समय मे तैयार हो सकी है। आप अपने इस प्रथम प्रयास में सफल हुए है। आशा है वीरसेवामन्दिर के निमित्त को पाकर आप भविष्य मे अच्छी साहित्यिक-प्रगति कर सकेगे। महान् रिसर्च-स्कॉलर, एव पुरातत्त्व विभाग के डिप्टी डाइरेक्टर जनरल श्री टी० एन० रामचन्द्रन्जी की भूमिका ने पुस्तक पर कलश का काम किया है और उसकी उपयोगिता को बहुत कुछ बढा दिया है। यह पुस्तक हर यात्री को एक मार्ग-प्रदर्शक साथी का काम देगी और इसलिए सभी को अपने साथ रखनी चाहिए। जो लोग यात्रा मे नही है वे घर बैठे इससे यात्रा का कितना ही आनन्द ले सकेगे। यही सब सोचकर आज, गोम्मटस्वामी के महामस्तकाभिषेक के अवसर पर, इसे पाठको के हाथो में देते हुए बडी प्रसन्नता होती है।

जुगलकिशोर मुख्तार

अधिष्ठाता 'वीरसेवामन्दिर'

दो शब्द

इसी वर्ष कार्तिकी मेले पर कलकत्ता गया था। साथ में श्रद्धेय श्री पं० जुगलकिशोरजी मुख्तार भी थे। रात्रि में श्री वावू छोटेलालजी से परामर्श हुआ कि गोम्मटेश्वर के महामस्तकाभिषेक के अवसर पर यदि श्रवणवेल्गोल पर कोई पुस्तक तैयार हो जाय तो उपयोगी होगी। वावूजी ने इस सुझाव का स्वागत ही नही किया, अपितु रॉयल एशियाटिक सोसाइटी की लायब्रेरी से प्राक्तन-विमर्ष-विचक्षण राववहादुर श्री आर नरसिंहाचार की अग्रेजी की पुस्तक 'श्रवणवेल्गोल' लाकर मुझे प्रोत्साहित किया। उन्हीकी प्रेरणा पर उनके परम मित्र श्री टी एन रामचन्द्रनजी, एम ए डिप्टी डाइरेक्टर-जनरल पुरातत्त्व विभाग ने भूमिका लिखने की कृपा की। उनकी भूमिका ने इस पुस्तक मे चार चाद लगा दिए। इस पुस्तक का सारा श्रेय वावू छोटेलालजी को है।

पुस्तक लिखने का मेरा यह प्रथम प्रयास है। अत इसमे त्रुटिया रह जाना स्वाभाविक है। यदि पाठक उन त्रुटियो से मुझे सूचित करेंगे तो द्वितीय सस्करण मे उन्हे ठीक कर दिया जायगा।

प० जुगलकिशोरजी मुख्तार वीरसेवामन्दिर के सस्थापक एव अधिष्ठाता है। उनके नाम से जैन-समाज का प्रत्येक मनुष्य परिचित है। यह पुस्तक वीरसेवामन्दिर की ओर से प्रकाशित हो रही है। अत इस अवसर पर मै मुख्तार साहव का आभार स्वीकार करता हूँ।

भाई माईदयालजी ने समय-समय पर कई सुझाव दिये। वाहुवली की कुण्डली श्री प० नेमीचन्द्रजी ज्योतिषाचार्य की वनाई हुई है। एक कविता श्री कल्याणकुमारजी जैन 'शशि' की है और दूसरी कविता स्वर्गीय श्री भगवत की। अत मैं इन सवका भी आभारी हूँ।

इनके अतिरिक्त मैं अपने अन्य सहयोगी बन्धुओं का भी ऋणी हूं जिन्होंने प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से इस पुस्तक की तैयारी में योग दिया।

२३, दरियागंज,
दिल्ली
माघशुक्ल ५
वीर निर्वाण २४७६

—राजकृष्ण जैन

PREFACE

On the Occasion of the Mahamastakabhisheka ceremony of Gommatesvara I am happy to be associated with the function by being called upon by Shri Raj Krishen Jain, the author of this guide on Sravana Belgola, to write a preface to it The colossal statue of Gommatesvara on the top of the Vindhyagiri hill at Sravana Belgola, Mysore, represents Bahubali, son of Rishabhadeva, the first Jaina Tirthankara, through his wife Sunanda The golden age of Jainism in South India in general and in Karnataka in particular was under the Ganga Kings who made Jainism their state religion The great Jaina Acharya Simhanandi was not only instrumental in laying the foundation of the Ganga kingdom but acted also as an adviser to Konguniwarman I, who was the first Ganga King. While Madhava II (540-565 A D.) made grants to the Digambara Jainas, Durvinita (605-650 A D) sat at the feet of the venerable Pujyapada and Durvinita's son, Mushkara (650 A D) made Jainism the state religion. Ganga kings who followed, were zealous patrons of Jainism Chamunda Raja who was a General of the army of the Ganga king Marasimha III (961-974 A D) erected the colossal statue of Bahubali at Sravana Belgola It is said of Marasimha III that he crowned his life with the highest sacrifice a Jaina may offer to his faith, *viz.* death by *sallekhana* Rajamalla I

(817-828 A D) founded Jaina caves at Vallimallai in North Arcot District of Madras state and his son Nitimarga I was a great Jaina.

The story of Bahubali's renunciation and deep penance has received adequate emphasis at the hands of a very appreciative Jaina world which has given him and his ideas immortality by fashioning out of living rock a colossal statue of him in the manner that he stood out for the cause of renunciation, devotion, nonviolence and supreme bliss The statue is silhoutted against a background of vastness, achievement and mystic ecstacy and a foreground of time, distance, devotion and eternity Though similar colossal statues of Bahubali are also hewn out of the living rock at two other places, Karkal and Venur in South India, the one in Sravan Belgola is easily the best being the most attractive

The history of Bahubali's statue takes us to the very interesting history of Jainism in South India. According to a Jaina tradition duly recorded in the inscriptions at Sravana Belgola, Bhadrabhu I, who was the last *Sruta-kevali*, led the Northern Jainas, 12000 in number to South India in the time of the Maurya Emperor Chandragupta Chandragupta is said to have joined the migrating party. The date of this migration is, as Prof Jacobi has estimated, probably a few years before 297 B C Bhadrabahu I died on the way at Chandragiri hill before he could complete the migration The importance of this migration is due to the

fact that it is really the starting point for an account of South Indian Jainism The initial fact of Digambara tradition is the division of Jainas into Svetambara and Digambara, which starts from here Bhadrabahu's migration in the company of Chandragupta Maurya was followed by other missions to the south such as that of Kalakacharya and of Visakhacharya The latter was an eminent Digambara preacher who penetrated Chola and Pandya countries in South India The spread of Jainism in the Tamil country received impetus on the advent of another great Acharya called Kundakunda who was evidently a Dravidian and in fact the first in almost all the genealogies of the Southern Jainas The Imperial Courts of Kanchipura and Madura gave sufficient patronage to the spread of Jainism in the Tamil country When the Chinese pilgrim Yuan Chwang visited these two cities in the 7th century A D , he found in Kanchipuram a majority of Digambara temples and at Madura a number of Digambaras.

It is accepted by historians that from the beginning of the Christian era down to the epoch-making conversion of the Hoysala King Vishnuvardhana by the Vaishnava Acharya Ramanuja in the 12th century A D , Jainism was the most powerful religion in the South, and the most attractive and acceptable too.

One of the Pallava Kings of Kanchipuram, Mahendravarman I (600-630 A D), a few Pandya, Western Chalukya, Ganga, Rashtrakuta, Kalachuri and Hoysala Kings were Jainas.

Regarding Mahendravarman I, there is a tradition that he was originally a Jaina and later on converted to Saivism by the Saiva Saint Appar, himself a Jaina in the earlier part of his life when he was called Dharmasena

Nedumaran *alias* Kun-Pandya, a Pandya King of the 8th century A D was a Jaina and according to Saiva literature in Tamil he is said to have been retrieved from the " clutches " of Jainism by the great Saiva Saint Sambandha.

Kakusthavarman (430-450 A D.), Mrigesavarman (475-490 A D), Ravivarman (497-537 A D) and Harivarman (537-547 A D.) are a few among the many *Kadamba Kings* of Banavasi in Karnataka, who, though themselves Hindus, were systematically eclectic and favoured Jainism as the religion of many of their subjects Kakusthavarman ends one of his inscriptions by reverencing Rishabhadeva, the first Tirthankara His grandson Mrigesavarma gave some fields at Vaijayanti " to the divine supreme Arhats '. upon another occasion divided the village of Kalavanga into three parts and distributed them as follows: the first he gave ' to the great god Jinendra ', the second for ' the enjoyment of the sect. . . . called Svetapatha . (Svetambaras) ', and the third 'to. . . . . the Nirgranthas' (Digambaras) Ravivarma granted a village so ' that the glory of Jinendra . should be celebrated regularly every year' at Palasika (Halsi). Harivarma also made several grants to the Jainas ".

The Early Chalukyas or the *Western Chalu-*

kyas as they are better known, were noted for their patronage of Jainism Three great Jaina Acharyas, Gunachandra, Vasuchandra and Vadiraja came under the patronising hand of Jayasimha I Pulakesi I (550 A D) and his son Kirtivarman I (566-97 A D) gave grants to temples of Jinendra Kirtivarman's son Pulakesi II (609-642 AD)was the great patron of the renowned Jaina poet Ravikirti who composed the Aihole record wherein Ravikirti is compared to Kalidasa and Bharavi for poetic skill. The Aihole record also tells us that a stone temple of Jinendra was built by Ravikirti, " who had acquired the greatest favour of Satyasraya (Pulakesi) whose commands were restrained by the three oceans " Pujyapada's pupil, Niravadya Pandita (Udavadeva) was a Raja-guru or spiritual adviser of Jayasimha II and of Vinayaditya (680-697 A D) Vijayaditya (696-733 A.D) son of Vinayaditya gave Niravadya Pandita a village for the upkeep of a temple of the Jina And his son, Vikramaditya II (733-747 A D) made extensive repairs to a temple of Jina and gave a grant in connection with it to another Jaina ascetic, Vijaya Pandita But the real *Golden Age of Jainism* was under the Gangas and it was already remarked that it was Chamunda Raja, the General of Marsihma III, who gave us the immortal statue of Bahubali at Sravana Belgola The Gangas in short were staunch Jainas

The Rashtrakutas were great patrons of Jainism Govinda III (798-815 A D) was a

patron of a great Jaina teacher called Arikirti His son Amoghavarsha I (814-878 A D) sat at the feet of a great Jaina Acharya called Jinasena, who was the preceptor of Gunabhadra and wrote the Jaina Harivamsa, the first recension of which was completed in 783-4 A D in the time of Govinda III, and a portion of the Adi-purana, which was part of the Jaina Maha Purana while Gunabhadra completed Adi Purana by writing the second part of the Maha-purana in 897 A D , in the reign of Amoghavarsha's successor, Krishna II (880-911-12 A D). Among Jaina works that were written at the Rashtrakuta capital, mostly under the patronage of Amoghavarsha I, mention may be made, besides *Harivamsa*, *Adi-purana* and *Uttara-purana* of *Akalanka Charita*, *Jayadhavalatika*, a work on Digambara philosophy by Virasenacharya, a mathematical work called *Sarasamgraha* or *Ganitasarasamgraha* by Viracharya, and a treatise on moral subjects entitled *Prasnottara-ratnamalika*, the authorship of which is attributed to Amoghavarsha himself In short it is said of Amoghavarsha I that he was the greatest patron of Digambara Jainism and that he adopted the Jaina faith In the reign of Krishna II his subjects and tributary chiefs either built or made grants to Jaina temples already built, doubtless under his patronage, and the Jaina *purana* (*Maha-purana*) was consecrated in Saka 820 by Lokasena, the pupil of Gunabhadra.

Though the Chalukyas of Kalyani did not take favourably to Jainism, we have the noble

example of Somesvara I (1042-1068 A D) who according to an inscription of Sravana Belgola is described as conferring the title of *Sabda-chaturmukha* on a great Jaina teacher, Swami. This Somesavara is called in the inscription Ahavamalla

The Chola Kings of the Tamil country have often been supposed to have opposed Jainism This is not true as many of the Chola inscriptions such as at Jina-Kanchi will go to show The learning of the Jaina Acharyas was appreciated and great Acharyas like Chandrakirti and Anavtviryavaman, were patronised The Jaina temples at Jina-Kanchi received lavish endowments and grants at the hands of the Chola King:

Tribhuvanamalla Bijjala (1156-67 A D) the founder of the Kalachuri Dynasty, had the figure of a Tirthankara in all his grants and was a Jaina himself Later on he came under the evil influence of his minister Basava, the founder of the Lingayata sect When Basava found that Bijjala did not agree with him to persecute Jainas, he had the king murdered stealthily

The Hoysalas of Mysore were great Jainas Vinayaditya II (1047-1100 A D) the first historical person of this dynasty, owed his rise to power to a Jaina ascetic named Santideva Santaladevi, the wife of Vishnuvardhana *alias* Bitti (1111-1141 A D) was a lay disciple of a Jaina teacher, Prabhachandra, while Vishnuvardhana's minister Gangaraja and Hulla, a minister of Narasimha I (1143-73 A D) are specifically

cited as " two out of three very special promoters of the Jaina faith " Thus there seems to be no doubt that the early Hoysalas were Jainas and that the later Hoysalas from Bitti ownards were converted to Vaishnavism mainly because of Ramanuja's personality Bitti, who was perhaps the greatest ruler of the dynasty, was " a fervent militant Jaina down to the time when he was converted to Vaishnavism by Ramanuja ", an event which came to happen by a miracle as Vaishnava literature has it. Much reliance cannot be placed on the traditional account that the new convert persecuted the Jainas, being directed to do so by Ramanuja, for we learn that his wife Santaladevi remained a Jaina and continued to make grants to the Jainas with the king's consent, and that Gangaraja, his minister, whose services for Jainism are well known, continued to enjoy the king's favour. Moreover he himself is said to have endowed and repaired Jaina temples and to have afforded protection to Jaina images and priests It is claimed for Vishnuvardhana—the name adopted by him after his conversion—that his reign was one of great toleration that continued even during the reigns of his successors. His successors, though themselves Vaishnavites, are said to have built Jaina temples (*bastis*) and to have protected Jaina Acharyas Such are for instance Narasimha I (1143-73 A D), Vira-Ballala II (1173-1220 A D.) and Narasimha III (1254-91 A D).

The Vijayanagara kings were always noted

for their highly tolerant attitude towards religions and were therefore patrons of Jainism too. Bukka I (1357-1377-8 A D), is spoken off for the Jaina-Vaishnava compact that he was able to effect during his reign. This by itself speaks for the patronage that Jainism received at the hands of the early kings of Vijayanagara Bhimadevi, the queen of Deva Raya I, is said to have been a disciple of a Jaina teacher Abhinava-Charukirti-Panditacharya and to have installed an image of Santinatha at Sravana Belgola

Irugappa, the general of Bukka II (1385-1406 A D) is referred to in an inscription at Hampi as having built a temple for the 17th Tirthankara Kunthunatha in 1385 A D, and a Music-Hall in the Jaina temple at Jina-Kanchipuram in 1387-88 A D Inscriptions in the latter temple of the Vijayanagara King Krishnadeva Raya (1510-29 A D) refer to the king's tolerant spirit and endowments to Jaina temples. Almost all the rulers down to Rama Raya made grants to Jaina temples and were tolerant enough.

Such has also been the attitude of the feudatory and minor rulers under the Vijayanagara kings and of the ruling house of Mysore towards Jainism, an attitude which luckily continued down to the present day. It is said that some of the minor powers like the rulers of Gersoppa and the Bhairavas of Karkal "professed the Jaina faith and left monuments of importance in the history of Jaina art".

What is the message of Jainism or for the matter of that what do the colossal statue of Bahubali at Sravana Belgola and elsewhere and of the figures of the 24 Tirthankaras reveal? Jainism, so called because its founder was a Jina or 'Victor', attempts to raise man to godhood and to inspire him to reach it by *steady faith*, *right perception*, *perfect knowledge* and above all by a *spotless life*. Jainism believes in godhood and speaks of innumerable gods The story of the religion founded by Lord Mahavira is a story of 25 centuries, spreading over the whole of India, with its centres of activity still maintained in Gujrat, Mathura, Rajasthan, Bihar, Bengal, Orissa, Deccan, Mysore and South India While saints and scholars ennobled the religion, the Jaina merchants vied with each other in erecting myriad temples, some of which are the glories of the religious architecture of India

Vardhamana or Mahavira and the earlier Tirthankaras spread, like Lord Buddha, in India a gospel of *Moksha* or liberation free from ritual and based on *love* and reason The advent of these teachers synchronised with a mighty political revolution that shook entire India, that replaced *clans* by *states*, and prepared the way for an Empire transcending States. Mahavira, founded an ascetic order or brotherhood, governed by a system of rules and standing on the sheet-rock of an edifying doctrine of absolute sanctity of life, called *Ahimsa* His *Ahimsa* doctrine—*Ahimsa paramo dharamah*—

reverberated in the entire Universe and spread like wild fire through an age of 25 centuries till it fascinated Mahatma Gandhi, the Father of Modern India It is no exaggeration to say that on this famous doctrine of *Ahimsa* or Non-violence, the Mahatma built a *New India*, the *Young India* of to-day. I am sure this book on Sravan Belgola by Shri Raj Krishen Jain will interest all visitors to the celebrated monument, as it contains all the details necessary for correct understanding of the spirit of this colossal statue

NEW DELHI
15th January, 1953

T. N. RAMACHANDRAN
Deputy Director-General of Archaeology in India

भूमिका

गोम्मटेश्वर के महामस्तकाभिषेक के अवसर पर श्री राजकृष्ण जैन ने श्रवणवेल्गोल पर जो प्रस्तुत पुस्तक लिखी है और उसकी भूमिका लिखने के लिए मुझे प्रेरित किया है, मुझे हर्ष है कि मैं भी इस भूमिका को लिखकर उस उत्सव में योग दे रहा हू। मैसूर में श्रवणवेल्गोल नगर में विन्ध्यगिरि पर्वत पर जो गोम्मटेश्वर की विशाल मूर्ति है वह प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की महारानी सुनन्दा के पुत्र वाहुवली की है। दक्षिण भारत में जैनधर्म का स्वर्णयुग साधारणतया और कर्नाटक में विशेषतया गगवश के शासको के समय में था, जिन्होने जैन धर्म को राष्ट्र-धर्म के रूप में अगीकार किया था। महान् जैनाचार्य सिहनन्दी गगराष्ट्र की नीव डालने के ही निमित्त न थे, वल्कि गगराष्ट्र के प्रथम नरेश कोगुणिवर्मन के परामर्शदाता भी थे। माधव (द्वितीय) ने दिगम्बर जैनो को दानपत्र दिये। इनका राज्यकाल ईसा के ५४०-५६५ रहा है। दुर्विनीत को वन्दनीय पूज्यपादाचार्य के चरणो में वैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इनका राज्यकाल ई ६०५ से ६५० रहा है। ई ६५० में दुर्विनीत के पुत्र मुशकारा ने जैनधर्म को राष्ट्रधर्म घोषित किया। वाद के गंग-शासक जैनधर्म के कट्टर सरक्षक रहे हैं। गगनरेश मारसिंह (तृतीय) के समय में उनके सेनापति चामुण्डराय ने श्रवणवेल्गोल में गोम्मटेश्वर की विशाल मूर्ति का निर्माण कराया। मारसिंह का राज्यकाल ईसा की ९६१-९७४ रहा है। जैनधर्म में जो अपूर्व त्याग कहा जाता है, मारसिंह ने उन सल्लेखना द्वारा देहोत्सर्ग करके अपने जीवन को अमर किया। राजमल्ल (प्रथम) ने मद्रास राज्यान्तर्गत उत्तरी आरकोट जिले में जैन गुफाए वनवाईं। इनका राज्यकाल ई ८१७-८२८ रहा है। इनका पुत्र नीतिमार्ग एक अच्छा जैन था।

वाहुवली के त्याग और गहन तपश्चर्या की कथा को गुणग्राही जैनो

ने वडा महत्व दिया है और एक महान् प्रस्तर खड की विशाल मूर्ति वना कर उनके सिद्धातो का प्रचार किया है, जो इस वात का द्योतक है कि वाहुवली की उक्त मूर्ति त्याग, भक्ति, अहिंसा और परम आनन्द की प्रतीक है। उस मूर्ति की पृष्ठभूमि विस्तीर्णता, पूर्णता और अव्यक्त आनन्द की जनक है और मूर्ति की अग्रभूमि काल, अन्तर, भक्ति और नित्यता की उद्‌वोधक है। यद्यपि दक्षिण भारत में कारकल और वेणूर में भी वाहुवली की विगाल मूर्तिया एक ही पापाण मे उत्कीर्ण की हुई है तथापि श्रवणवेल्गोल की यह मूर्ति सवसे अविक आकर्पक होने के कारण सर्वश्रेष्ठ है।

वाहुवली की मूर्ति का इतिवृत्त हमें दक्षिण भारत के जैनवर्म के रोचक इतिहास की ओर ले जाता है। श्रवणवेल्गोल में उत्कीर्ण शिलालेखो के आवार पर इस वात का पता लगता है कि मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त के समय में अतिम श्रुतकेवली भद्रवाहु १२००० जैन श्रमणो का सघ लेकर उत्तरापथ से दक्षिणापथ को गये थे। उनके साथ चन्द्रगुप्त भी थे। प्रोफ़ेसर जेकोवी का अनुमान है कि यह देशाटन ईसा से २९७ वर्ष से कुछ पूर्व हुआ था। भद्रवाहु ने अपने निर्दिष्ट स्थान पर पहुचने से पूर्व ही मार्ग में चन्द्रगिरि पर्वत पर समाधिमरण-पूर्वक देह का विसर्जन किया। इस देशाटन की महत्ता इस वात की सूचक है कि दक्षिण भारत में जैन धर्म का प्रारम्भ इसी समय से हुआ है। इसी देशाटन के समय से जैन श्रमण-सघ दिगम्वर और श्वेताम्वर दो भागों में विभक्त हुआ है। भद्रवाहु के संघ गमन को देखकर कालिकाचार्य और विशाखाचार्य के सघ ने भी उन्हीका अनुसरण किया। विशाखाचार्य दिगम्वर सम्प्रदाय के महान् आचार्य थे जो दक्षिण भारत के चोल और पाड्य देश में गये। महान् आचार्य कुन्दकुन्द के समय में तामिल देग में जैनधर्म की स्याति में और भी वृद्धि हुई। कुन्दकुन्दाचार्य द्राविड थे और स्पष्टतया दक्षिण भारत के जैनाचार्यों में प्रथम थे। काचीपुर और मदुरा के राज-दरवार तामिल देग में जैनवर्म के प्रचार में विशेप सहायक थे। जव चीनी यात्री युवान चुवाग ईसा की ७वी शताव्दी में इन दोनो नगरो में गया तो उसने काची में अधिकतर दिगम्वर जैन मदिर पाये और मदुरा में दिगम्वर

जैन धर्मावलम्बी ।

इतिहासज्ञ इस बात को स्वीकार करते है कि ईसा से १२वी शताब्दी तक दक्षिण भारत मे जैनधर्म सबसे अधिक शक्तिशाली, आकर्षक और स्वीकार्य धर्म था । उसी समय वैष्णव आचार्य रामानुज ने विष्णुवर्द्धन को जैनधर्म का परित्याग कराकर वैष्णव बनाया था ।

काचीपुर के एक पल्लवनरेश महेन्द्रवर्मन (प्रथम) राज्यकाल ६०० से ६३० ई, पाड्य, पश्चिमी चालुक्य, गग, राष्ट्रकूट, कलचूरी और होयसल वश के बहुत से राजा जैन थे । महेन्द्रवर्मन के सम्बन्ध में यह कहा जाता है कि वह पहले जैन थे, किन्तु धरमसेन मुनि जब जैनधर्म को त्याग कर शैव हो गए तो उनके साथ महेन्द्रवर्मन भी शैव हो गया । शैव होने पर धरमसेन ने अपना नाम अप्पड रखा ।

आठवी शताब्दी का एक पाड्य नरेश नेदुमारन अपरनाम कुणपाड्या जैनधर्मावलम्बी था और तामिल भाषा के शैव ग्रथो के अनुसार शैवाचार्य सम्बन्ध ने उससे जैनधर्म छुडवाया ।

कर्नाटक में बनवासी के कादम्ब शासको में कुकुस्थवर्मन (४३० से ४५० ई) मृगेशवर्मन (४७५ से ४९० ई), रविवर्मन (४९७ से ५३७) और हरीवर्मन (५३७ से ५४७) यद्यपि हिंदू थे तथापि उनकी बहुत-सी प्रजा के जैन होने के कारण वे भी यथाक्रम जैनधर्म के अनुकूल थे । कुकुस्थवर्मन ने अपने एक लेख के अन्त में प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव को नमस्कार किया है । उसके पोते मृगेशवर्मन ने वैजयन्ति में अर्हतो के अर्थ बहुत-सी भूमि प्रदान की । अन्य और समय में कालवग ग्राम को तीन भागो में विभक्त किया । पहला भाग उसने जिनेन्द्र भगवान को अर्पण किया, दूसरा भाग श्वेतपथवालो और तीसरा भाग निर्ग्रन्थो को । पालासिका (हालसी) में रविवर्मन ने एक ग्राम इसलिए दान में दिया कि उसकी आमदनी से हर वर्ष जिनेन्द्र भगवान् का उत्सव मनाया जाय । हरिवर्मन ने भी जैनियो को बहुत दानपत्र दिये ।

पश्चिमी चालुक्य वश के शासक जैनधर्म की सरक्षकता के लिए

प्रख्यात थे। महाराज जयसिंह (प्रथम) ने दिगम्बर जैनाचार्य गुणचन्द्र, वासुचन्द्र और वादिराज को अपनाया। पुलकेशी (प्रथम) ५५० ई और उसके पुत्र कीर्तिवर्मन (प्रथम) राज्यकाल ५६६ से ९७ ई ने जैन मदिरो को कई दानपत्र दिये। कीर्तिवर्मन का पुत्र पुलकेशी (द्वितीय) (राज्यकाल ६०९ से ६४२ ई) प्रख्यात जैन कवि रविकीर्ति का उपासक था, जिन्होने ऐहोल नामक ग्रथ रचा। इसमे रविकीर्ति को कविताचातुरी के लिए कालिदास और भैरवि से उपमा दी। ऐहोल ग्रथ के कथनानुसार रविकीर्ति ने जिनेंद्र भगवान् का एक पाषाण का मदिर भी बनवाया। रविकीर्ति को सत्याश्रय (पुलकेशी) का वहुत सरक्षण था और सत्याश्रय के राज्य की सीमा तीन समुद्रो तक थी। पूज्यपाद के शिष्य निरवद्य पडित (उदयदेव) जयसिंह (द्वितीय) के राज्य-गुरु थे और विनयादित्य (६८० से ६९७ ई) और उनके पुत्र विजयादित्य (६९६ से ७३३ ई) ने निरवद्य पडित को जैन-मदिर की रक्षा के लिए एक ग्राम दिया। उसके पुत्र विक्रमादित्य (द्वितीय) ने (राज्यकाल ७३३ से ७४७ ई) एक जैन मदिर की भली प्रकार मरम्मत कराई और एक दूसरे जैन साधु विजय पडित को इस मदिर की रक्षा के लिए कुछ दान दिया। किंतु वास्तव में जैनधर्म का स्वर्णयुग गग-राष्ट्र के शासको के समय मे था और यह पहले ही बताया जा चुका है कि श्रवणबेल्गोल मे मारसिंह (तृतीय) के सेनापति चामुण्डराय ने बाहुबली की अविनश्वर मूर्ति बनवाई। सक्षेप में यह कहा जा सकता है कि गगराष्ट्र के शासक कट्टर जैन थे।

राष्ट्रकूट वश के शासक भी जैनधर्म के महान सरक्षक रहे है। गोविंद (तृतीय) (राज्यकाल ७९८ से ८१५ ई) महान् जैनाचार्य अरिकीर्ति का सरक्षक था। उसके पुत्र अमोघवर्ष (प्रथम) राज्यकाल ८१४ से ८७८ ई को जिनसेनाचार्य के चरणो मे बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आचार्य जिनसेन गुणभद्र के गुरु थे। इन्होने सन् ७८३-८४ मे गोविंद (तृतीय) के समय मे आदिपुराण के प्रथम भाग की रचना की और उसका उत्तरार्द्ध गुणभद्राचार्य ने सन् ८९७ में अमोघवर्ष के उत्तराधिकारी कृष्ण (द्वितीय) के राज्यकाल ८८० से ९१२ में पूर्ण किया। अमोघवर्ष प्रथम के समय मे

राष्ट्रकूट की राजधानी में 'हरिवंश पुराण' 'आदिपुराण' और उत्तर पुराण, अकलंक चरित, जयधवला टीका आदि ग्रंथों की रचना हुई है। जयधवला-टीका दिगम्बर जैन सिद्धांत का एक महान् ग्रन्थ है। यहीं पर वीराचार्य ने गणित-शास्त्र का 'सार-संग्रह' नाम का एक ग्रन्थ रचा। अमोघवर्ष ने स्वयं नीतिशास्त्र पर एक 'प्रश्नोत्तर रत्नमालिका' बनाई। संक्षेप में अमोघवर्ष (प्रथम) के समय में यह कहा जाता है कि उसने दिगम्बर जैनधर्म स्वीकार किया था और वह अपने समय में दिगम्बर जैनधर्म का सर्वश्रेष्ठ संरक्षक था। कृष्ण (द्वितीय) के राज्यकाल में उसकी प्रजा और सरदारों ने या तो स्वयं मंदिर बनवाये, या बने हुए मंदिरों को दान दिया। शक संवत् ८२० में गुणभद्राचार्य के शिष्य लोकसेन ने महापुराण की पूजा की।

यद्यपि कल्याणी के चालुक्य जैन नहीं थे, तथापि हमारे पास सोमेश्वर (प्रथम) १०४२ से १०६८ ई का उत्तम उदाहरण है, जिन्होंने श्रवण-बेल्गोल के शिलालेखानुसार एक जैनाचार्य को 'शब्दचतुर्मुख' की उपाधि से विभूषित किया था। इस शिलालेख में सोमेश्वर को 'आहवमल्ल' कहा है।

तामिल देश के चोल राजाओं के सम्बन्ध में यह धारणा निराधार है कि उन्होंने जैन धर्म का विरोध किया। जिनकांची के शिलालेखों से यह बात भली प्रकार विदित होती है कि उन्होंने आचार्य चन्द्रकीर्ति और अनवत्य-वीर्यवर्मन की रचनाओं की प्रशंसा की। चोल राजाओं द्वारा जिनकांची के मंदिरों को पर्याप्त सहायता मिलती रही है।

कलचूरि वंश के संस्थापक त्रिभुवनमल्ल विज्जल राज्यकाल ११५६ से ११६७ ई के तमाम दान-पत्रों में एक जैन तीर्थंकर का चित्र अंकित था। वह स्वयं जैन था। अनंतर वह अपने मंत्री वासव के दुष्प्रयत्न से मारा गया, क्योंकि उसने वासव के कहने से जैनियों को सन्ताप देने से इन्कार कर दिया था। वासव लिंगायत सम्प्रदाय का संस्थापक था।

मैसूर के होय्यल शासक जैन रहे हैं। विनयादित्य (द्वितीय) राज्यकाल १०४७ से ११०० ई तक इस वंश का ऐतिहासिक व्यक्ति रहा है। जैनाचार्य शान्तिदेव ने उसकी बहुत सहायता की थी। विष्णुवर्द्धन की

रानी शान्तलादेवी जैनाचार्य प्रभाचन्द्र की शिष्या थी और विष्णुवर्द्धन के मत्री गगराज और हुल्ला ने जैनधर्म का बहुत प्रचार किया। अत इसमें कोई सन्देह नही है कि पहले के होय्यसल नरेश जैन थे। विष्णुवर्द्धन अपरनाम 'विट्टी' रामानुजाचार्य के प्रभाव में आकर वैष्णव हो गये। विट्टी वैष्णव होने से पहले कट्टर जैन था और वैष्णव शास्त्रो में उसका वैष्णव हो जाना एक आश्चर्यजनक घटना कही जाती है। इस कहावत पर विश्वास नही किया जाता कि उसने रामानुज की आज्ञा से जैनों को सन्ताप दिया, क्योकि उसकी रानी शान्तलादेवी जैन रही और विष्णुवर्द्धन की अनुमति से जैन मदिरो को दान देती रही। विष्णुवर्द्धन के मत्री गगराज की सेवाए जैनधर्म के लिए प्रख्यात है। विष्णुवर्द्धन ने वैष्णव हो जाने के पश्चात् स्वय जैन मंदिरो को दान दिया, उनकी मरम्मत कराई और उनकी मूर्तियो और पुजारियो की रक्षा की। विष्णुवर्द्धन के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि उस समय प्रजा को धर्म-सेवन की स्वतत्रता थी। विष्णुवर्द्धन के उत्तराधिकारी यद्यपि वैष्णव थे तो भी उन्होंने जैन मदिर वनाये और जैनाचार्यों की रक्षा की। उदाहरण के तौर पर नरसिंह (प्रथम) राज्यकाल ११४३ से ११७३, वीरवल्लभ (द्वितीय) राज्यकाल ११७३ से १२२० और नरसिंह (तृतीय) राज्यकाल १२५४ से १२९१।

विजयनगर के राजाओ की जैनधर्म के प्रति भारी सहिष्णुता रही है। अत वे भी जैन धर्म के सरक्षक थे। वुक्का (प्रथम) राज्यकाल १३५७ से १३७८ ने अपने समय में जैनो और वैष्णवो का समझौता कराया। इससे यह सिद्ध है कि विजयनगर के राजाओ की जैनधर्म पर अनुकपा रही है। देवराय प्रथम की रानी विम्मादेवी जैनाचार्य अभिनवचारुकीर्ति पडिताचार्य की शिष्या रही है और उसीने श्रवणवेलगोल में शातिनाथ की मूर्ति स्थापित कराई।

वुक्का (द्वितीय) राज्यकाल १३८५ से १४०६ के सेनापति इरुगुप्पा ने एक साची के शिलालेखानुसार सन् १३८५ ईस्वी में जिनकाची में १७ वें तीर्थंकर भगवान् कुन्थनाथ का मदिर और सगीतालय वनवाया। इसी मदिर

के दूसरे शिलालेख के अनुसार विजयनगर के नरेश कृष्णदेवराय सन् १५१० से १५२६ की जैनधर्म के प्रति सहिष्णुता रही और उसने जैन मदिरो को दान दिया। विजयनगर के रामराय तक सभी शासको ने जैन मदिरो को दान दिये और उनकी जैनधर्म के प्रति आस्था रही।

विजयनगर के शासको का और उनके अधीन सरदारो का, और मैसूर राज्य का आजतक जैनधर्म के प्रति यही दृष्टिकोण रहा है। कारकल के शासक गरसोप्पा और भैरव भी जैनधर्मानुयायी थे और उन्होंने भी जैन-कला को प्रदर्शित करनेवाले अनेक कार्य किये।

अब प्रश्न यह है कि जैनधर्म की देशना क्या है? अथवा श्रवण-बेलगोल और अन्य स्थानो की बाहुबली की विशाल मूर्तियो एव अन्य चौबीस तीर्थंकरो की प्रतिमाएँ ससार को क्या सन्देश देती हैं?

जिन शब्द का अर्थ विकारो को जीतना है। जैनधर्म के प्रवर्त्तको ने मनुष्य को सम्यक् श्रद्धा, सम्यक् बोध, सम्यक् ज्ञान और निर्दोष चारित्र के द्वारा परमात्मा बनने का आदर्श उपस्थित किया है। जैनधर्म का ईश्वर मे पूर्ण विश्वास है और जैनधर्म के अनुष्ठान द्वारा अनेक जीव परमात्मा बने हैं। जैनधर्म के अतिम तीर्थंकर भगवान् महावीर के धर्म का २५०० वर्षों का एक लम्बा इतिहास है। यह धर्म भारत में एक कोने से दूसरे कोने तक रहा है। आज भी गुजरात, मथुरा, राजस्थान, बिहार, बगाल, उडीसा, दक्षिण मैसूर और दक्षिण भारत इसके प्रचार के केन्द्र हैं। इस धर्म के साधु और विद्वानों ने इस धर्म को समुज्ज्वल किया और जैन व्यापारियो ने भारत में सर्वत्र सहस्रो मदिर बनवाये, जो आज भारत की धार्मिक पुरातत्व कला की अनुपम शोभा हैं।

भगवान महावीर और उनसे पूर्व के तीर्थंकरो ने बुद्ध की तरह भारत मे बताया कि मोक्ष का मार्ग कोरे क्रियाकाण्ड मे नही है, बल्कि वह प्रेम और विवेक पर निर्धारित है। महावीर और बुद्ध का अवतार एक ऐसे समय में हुआ है जब भारत में भारी राजनैतिक उथल-पुथल हो रही थी। महावीर ने एक ऐसी साधु-सस्था का निर्माण किया, जिसकी भित्ति पूर्ण अहिंसा

पर निर्धारित थी। उनका 'अहिंसा परमो धर्म' का सिद्धात सारे ससार मे २५०० वर्षों तक अग्नि की तरह व्याप्त हो गया। अन्त मे इसने नवभारत के पिता महात्मा गाधी को अपनी ओर आकर्षित किया। यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नही है कि अहिंसा के सिद्धात पर ही महात्मा गाधी ने नवीन भारत का निर्माण किया।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्रवणवेल्गोल पर श्रीराजकृष्ण जैन की यह पुस्तक इस महान् तीर्थ की यात्रा करनेवाले सभी यात्रियो के लिए बडी रोचक और लाभप्रद सिद्ध होगी। इस पुस्तक में उन्होंने उन सब आवश्यक विवरणो को विस्तारपूर्वक दिया है, जो इस विराट मूर्ति में निहित भावना को वास्तविक रूप में समझने के लिए आवश्यक है।

नई दिल्ली
१५ जनवरी १९५३

—टी एन रामचन्द्रन्, एम ए
डिप्टी डाइरेक्टर-जनरल, पुरातत्त्व-विभाग

विषय-सूची



श्री गोम्मटेश्वर की ५७ फुट ऊची विशाल प्रतिमा

श्रवणबेलगोल
और
दक्षिण के अन्य जैनतीर्थ

: १ :

श्रवणबेलगोल का महत्व

श्रवणबेलगोल मैसूर राज्य के हासन जिले मे अत्यन्त प्राचीन और रमणीक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थान है। यहा के शिलालेख, भव्य तथा पवित्र मन्दिर, प्राचीन गुफाए और विशाल मूर्तियाँ ये सब न केवल जैन पुरातत्व की दृष्टि से अपना महत्व रखते है अपितु भारत की सभ्यता, संस्कृति तथा इतिहास का भी इससे घनिष्ट सम्बन्ध है। यही पर अंतिम श्रुतकेवली श्री भद्रबाहु ने समाधिमरणपूर्वक देहोत्सर्ग किया, यही उनके शिष्य मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त ने उनकी पाद-पूजा करते हुए अपना अन्तिम जीवन विताया और यही पर समरधुरन्धर, वीरमार्तंड, गङ्गराज्य के सेनापति चामुण्डराय ने ५७ फुट ऊची विश्वविख्यात भगवान वाहुवली की मूर्ति का निर्माण कराया।

श्रवणबेलगोल विंध्यगिरि और चन्द्रगिरि दो पर्वतो की तलहटी मे एक सुन्दर और स्वच्छ सरोवर पर स्थित है। यहा

की भूमि अनेक मुनि-महात्माओ की तपस्या से पवित्र, अनेक धर्मनिष्ठ यात्रियो की भक्ति से पूजित और अनेक नरेशो तथा सम्राटो के दान से अलकृत और इतिहास मे प्रसिद्ध हुई है। यद्यपि दक्षिण भारत में मैसूर राज्य प्राकृतिक सौन्दर्य में अपना विशेष स्थान रखता है, तो भी प्रकृति देवी ने जिस प्रकार श्रवणबेल्गोल की भूमि को आलिगन किया है, वैसा सौन्दर्य अन्यत्र देखने को नही आता। इसे जैनबद्री तथा दक्षिण काशी भी कहते हैं और गोम्मटेश्वर की विशाल मूर्ति के कारण इसे गोम्मटपुर भी कहा जाता है।

श्रवणबेल्गोल आरसीकेरी स्टेशन से ४२ मील, हासन से ३१ मील, चिनार्यपट्टन से ८ मील, बेगलोर से १०० मील तथा मैसूर से ६२ मील है। यहा से एक सडक जैनियो के पवित्र तीर्थ मूलबद्री, हलेबिड, वेणूर और कारकल को गई है। १२°–५१' उत्तर अक्षाश और ७६°–२९' पूर्व रेखाश पर स्थित होने के कारण यहा की ऋतु सदैव ही जैन श्रमणो (मुनियो) के ज्ञान-ध्यान के लिए अनुकूल रही है। यहा की धार्मिकता इस स्थान के नाम मे ही गर्भित है। श्रमण नाम जैन मुनि का है, कन्नडी भाषा में 'बेल' का अर्थ श्वेत और 'गोल' का अर्थ सरोवर है। इसलिए श्रवणबेल्गोल को जैन साधुओ का धवल सरोवर भी कहा जाता हैं।

श्रवणबेल्गोल में लगभग ५०० शिलालेख जैन धर्म तथा उसके अनुयायिओ का गौरव प्रकट करते है। इनका अनुसन्धान सर्वप्रथम मैसूर पुरातत्व विभाग के डाइरेक्टर श्री राइस महोदय ने सन् १८८९ में किया था। इनके प्रकाशन

ने इन लेखो के साहित्य सौन्दर्य व ऐतिहासिक महत्व की ओर विद्वत्समाज का ध्यान आकर्षित किया। उक्त सग्रह का दूसरा सस्करण सन् १९२२ मे प्राक्तनविमर्ष-विचक्षण राववहादुर श्री आर० नरसिंहाचारजी ने निकाला। इन्होने श्रवण-वेलगोल के सव लेखो की सूक्ष्म रूप से जाच की। ५०० लेखो का सग्रह किया तथा अपनी अग्रेजी की पुस्तक 'श्रवण-वेलगोल' में सव लेख कन्नडी भाषा मे छपवाये। उनकी रोमन लिपि की तथा अग्रेजी मे अनुवाद किया। ये लेख प्राय समस्त प्राचीन दिगम्बर जैनाचार्यो के कृत्यो के प्राचीन ऐतिहासिक प्रमाण है। इनसे पता चलता है कि यहा के जैनाचार्यों की परम्परा दिग्दिगन्तरो मे प्रख्यात थी और जैनाचार्यो ने वडे-वडे राजा,महाराजाओ से सम्मान प्राप्त किया था। साथ ही इनसे यह भी मालूम होता है कि उन आचार्यो ने किन-किन राजाओ को जैनधर्म की दीक्षा दी, किस-किस राजा, महाराजा, रानी, राजकुमार, सेनापति, राजमत्री तथा किस-किस वर्ग के मनुष्यो ने आकर धर्म आराधना की। ये शिलालेख इस वात के साक्षी है कि जैनियो का साम्राज्य देश के लिए कितना हितकर था और उनके सम्राट् किस प्रकार धर्म साम्राज्य स्थापित करने के लिए लालायित थे। इन शिलालेखो में भगवान महावीर से लेकर आचार्यो की वशावली तथा कुन्द-कुन्दाचार्य, उमास्वाति, समन्तभद्र, शिवकोटि, पूज्यपाद, गोल्लाचार्य, त्रैकाल्ययोगी, गोपनन्दि, प्रभाचन्द्र, दामनन्दि, जिनचन्द्र, वासवचन्द्र, यश कीर्ति, कल्याणकीर्ति, श्रुतकीर्ति, वादिराज, चतुर्मुखदेव आदि आचार्यो का परिचय मिलता है।

एक ओर श्री राइस साहव तथा श्री नरसिहाचारजी जहा जैन समाज के धन्यवाद के पात्र है, दूसरी ओर हमे इस बात का खेद है कि जैन विद्वानो तथा धनाढ्यो की अपने पुरातत्त्व की ओर कोई दृष्टि नही है। यदि उक्त महानुभाव इतना परि-श्रम न करते तो हमे इन शिलालेखो का पूर्ण विवरण न मिलता। श्री प्रोफेसर हीरालालजी तथा श्री प० नाथूरामजी प्रेमी ने श्री राइस साहव तथा श्री नरसिहाचारजी के सग्रहो को आधार मानकर 'जैनशिलालेख सग्रह' प्रथम भाग निर्माण किया, जिससे जैन समाज को वहुत लाभ हुआ।

: २ :

ऐतिहासिक इतिवृत्त

श्रवणबेल्गोल का इतिहास ईसा से ३०० वर्ष पूर्व उस समय प्रारम्भ होता है जब त्रैकाल्यदर्शी, निमित्तज्ञानी, अतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु ने उज्जयिनी मे १२ वर्ष के दुर्भिक्ष की आशका से अपने १२००० शिष्यो सहित उत्तरापथ से दक्षिणापथ को प्रस्थान किया। उनका संघ क्रमश एक बहुत समृद्धियुक्त जनपद में पहुंचा। चन्द्रगुप्त भी उनके साथ थे। यहा आकर उनको विदित हुआ कि उनकी आयु अब बहुत थोडी शेष है। उन्होने विशाखाचार्य को सघ का नायक बना कर उन्हे चौल और पाडचदेश भेज दिया। भद्रबाहु स्वय सल्लेखना (समाधिमरण) धारण करने के लिए पास वाले चद्रगिरि पर्वत पर चले गए, जिसको कटवप्र भी कहते है। नवदीक्षित चन्द्रगुप्त मुनि अपने गुरु की वैय्यावृत्ति के लिए वही रहे। चन्द्रगुप्त मुनि ने अन्त समय तक उनकी खूब सेवा की तथा उनके स्वर्गारोहण के पश्चात् १२ वर्ष तक उनके चरण-चिह्न की पूजा में अपना शेष जीवन व्यतीत कर उन्ही के पथ का अनुसरण किया। इसी पहाडी पर प्राचीनतम मदिर चन्द्रगुप्त वस्तिका है। यही पर भद्रबाहु गुफा मे चन्द्रगुप्त के चरण-चिह्न है। इसी स्थान पर ७०० जैन श्रमणो ने समाधिमरण किया। इसलिए इसका नाम श्रवणबेल्गोल पडा।

इसी नगर की दूसरी पहाडी विन्ध्यगिरि पर गग नरेश राचमल्ल के मत्री तथा सेनापति वीरमार्तण्ड चामुण्डराय ने वाहुवली की ५७ फुट ऊची विशाल मूर्ति उद्घाटित कराई।

श्रवणबेल्गोल का सबसे वडा महत्व वहा के ५०० के लगभग शिलालेखो मे है। इनमे लगभग १०० लेख साधुओ और गृहस्थो के समाधिमरण, लगभग १०० लेख मदिर-मूर्ति-वाचनालय-परकोटा-सीढियो एव जीर्णोद्धार आदि, १०० लेख मन्दिरो की पूजा आदि के खर्च तथा १६० लेख सघो तथा यात्रियो के बारे मे और शेष ४० लेख के लगभग आचार्यो और योद्धाओ के सम्बन्ध मे है। ये शिलालेख इतिहास, साहित्य और काव्य की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

श्रवणबेल्गोल से जिन तीन महापुरुषो का सम्बन्ध है, उनका थोडा-सा जीवन वृत्तान्त यहाँ दे देना आवश्यक है। वे तीन महापुरुष—

(१)प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेव की द्वितीय रानी सुनन्दा के पुत्र वाहुवली (२)सम्राट् चन्द्रगुप्त (३)बाहुवली की मूर्ति के निर्माता वीरमार्तण्ड चामुण्डराय है।

भगवान बाहुबली

भरतक्षेत्र मे जव इस अवसर्पिणी का तृतीय कालचक्र समाप्त हो रहा था और भोगभूमि की रचना नष्ट होकर कर्म-भूमि की व्यवस्था प्रारम्भ हो रही थी तव उस सध्याकाल मे अयोध्या मे त्रैलोक्यवन्दनीय, महामहिमाशाली और अलौकिक विभूतिमय आदि तीर्थङ्कर भगवान ऋषभदेव ने जन्म लिया। उस समय मगलनाद से दिशाए गूज उठी और देवो तथा

मनुष्यों के हृदय आनन्द से प्रफुल्लित हो गए ।

ऋषभदेव ने बालक्रीडा करते हुए अपनी माता और पिता के हृदयो को प्रमुदित किया। उनकी बुद्धि स्वाभाविक प्रतिभा से परिपूर्ण थी । उनमे चमत्कृत ज्ञानशक्ति और अद्भुत श्रुत-विज्ञता थी । उन्होंने किसी विद्यालय मे विद्या पढे विना ही विशिष्ट श्रुतज्ञान प्राप्त किया। भगवान के शरीर मे क्रमश. यौवन ने प्रवेश किया । उनके वज्रमय शरीर में अतुलित वल था, किन्तु यह सव होते हुए भी उनके हृदय मे विपय-वासना किंचित् भी जाग्रत नही थी, फिर भी उनके पिता नाभिराय ने प्रजा की सन्तति अविच्छिन्न रहने के लिए और धर्म की सन्तति वरावर चलती रहे इसलिए भगवान के समक्ष उनके विवाह का प्रस्ताव रखा, इस पर ऋषभदेव ने कर्मभूमि की स्थिति का विचार किया और यह सोचकर कि उनका अनुसरण करके प्रजाजन भी विवाह मार्ग मे प्रवृत्त होगे और उससे लोक में सुख-शाति की स्थापना होगी, अपनी अनुमति प्रदान कर दी। इनका विवाह महाराज कच्छ और महाकच्छ की अवर्णनीय रूप राशि से विभूपित दो बहिनो—यशस्वती और सुनन्दा—के साथ हुआ।

इस प्रकार भगवान ऋपभदेव गृहस्थ मे रहते हुए सुख से अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। यथासमय महारानी यशस्वती (नदा) के निन्यानवे पुत्र और एक कन्या उत्पन्न हुई। द्वितीय रानी सुनन्दा की कुक्षि से कुमार वाहुवली तथा ब्राह्मी नाम की कन्या ने जन्म लिया। भरत इन सव भाइयो मे ज्येष्ठ थे।

बाहुबली २४ कामदेवों में प्रथम कामदेव थे। उनके केश भ्रमर के समान काले, वक्ष-स्थल चौडा, विस्तृत ललाट और भुजाए लम्बी थी। उनकी दोनो जघाए केले के स्तम्भ के समान थी।

एक दिन भगवान् ऋषभदेव राज्यसिंहासन पर बैठे हुए थे। उस समय इन्द्र अप्सराओ और देवो के साथ भगवान के राज्य दरबार मे आया। भगवान राज्य और भोगो से किस प्रकार विरक्त होगे यह विचार कर इन्द्र ने उस समय नृत्य करने के लिए एक ऐसे पात्र को नियुक्त किया जिसकी आयु अत्यन्त क्षीण हो गई थी। वह नीलाजना नाम की सुर-बाला नृत्य करती हुई आयु के क्षय होने से क्षणभर मे विलय को प्राप्त हो गई। इस घटना ने भगवान के चित्त पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होने सोचा कि यह जगत विनश्वर है, लक्ष्मी बिजली के समान चचल है। यौवन, शरीर, आरोग्य और ऐश्वर्य सभी चलाचल है। यह जीव रूप, यौवन और सौभाग्य के मद मे उन्मत्त हुआ वृथा इनमे स्थिरबुद्धि रखता है। इस प्रकार भगवान ऋषभदेव काललब्धि को पाकर मुक्ति के मार्ग मे समुद्यत हुए। उन्होने अपने वस्त्राभूषणो को जीर्ण तृण के समान सारहीन समझ-कर उतार डाला, सुकोमल करो से केशो का लोच किया और पूर्ण दिगम्बर मुद्रा धारण कर वे वन मे जाकर चन्द्र-कान्तिमणि सदृश स्वच्छ शिला पर आसीन होकर ध्यानमग्न हो गये। भगवान ने बहुत समय पर्यन्त कठिन तपश्चरण करते हुए अन्त मे शुक्लध्यान की तीक्ष्ण खड्ग से दिव्य

आत्मिक दीप्ति को प्रकाशित करते हुए प्रचण्ड घातिया कर्म शत्रुओ को निहत किया और त्रैलोक्य पदार्थो को हस्तामलक सदृश स्पष्ट प्रदर्शित करनेवाले अलौकिक केवलज्ञान को प्राप्त किया ।

इधर राजर्षि भरत को एक ही साथ तीन समाचार मिले। प्रथम भगवान को केवलोत्पत्ति, द्वितीय अन्तपुर मे पुत्र का जन्म और तृतीय आयुधशाला मे चक्ररत्न की उत्पत्ति। भरत ने सोचा कि भगवान को केवलज्ञान होना धर्म का फल है पुत्र का उत्पन्न होना काम का फल है और देदीप्यमान चक्र का उत्पन्न होना अर्थ पुरुषार्थ का फल है, अथवा यह सभी धर्म पुरुषार्थ का पूर्ण फल है क्योकि अर्थ धर्मरूपी वृक्ष का फल है और काम उसका रस है। अत. सब कार्यों में सबसे पहले भगवान की पूजा ही करनी चाहिए। यह सोचकर महाराज भरत अपने छोटे भाइयो, अन्तपुर की स्त्रियो तथा नगर के लोगो के साथ भगवान के समवशरण मे गए। वहाँ भगवान ने अतिशय और गम्भीर निरक्षरी दिव्यध्वनि द्वारा षड्द्रव्य, साततत्त्व, पचास्तिकाय, छह लेश्याए, चौदह गुणस्थान, चौदह मार्गणा, अनुयोग, जीव के भाव, चारो गतिया और दश धर्म आदि का निरूपण किया। भरत भगवान को वारम्वार प्रणाम करके अपने महल को पधारे। इसके पश्चात् भरतेश्वर ने विधिपूर्वक चक्ररत्न की पूजा की और पुत्रोत्पत्ति का उत्सव मनाया।

तदनतर भरत ने दिग्विजय के लिए प्रयाण किया। चक्रवर्ती के पुण्यप्रताप से सव राजा भरत के आधीन हुए तथा

उन्होने चक्रवर्ती को उत्तमोत्तम भेटें प्रदान की। किन्तु जब भरत दिग्विजय के पश्चात् अयोध्या लौटे तो उनका चक्र नगर के गोपुर द्वार को उल्लघन करके आगे न जा सका। इससे सेनापति आदि प्रमुख लोगो को यह जानकर विस्मय हुआ कि अभी देश मे कोई ऐसी शक्ति विद्यमान है जो चक्रवर्ती की अधीनता स्वीकार करने को तत्पर नही है। उस समय चक्रवर्ती ने अपने पुरोहितो को बुलाकर चक्र के रुकने का कारण पूछा और मन मे सोचा कि अभी कोई मेरे राज्य मे ही असाध्य शत्रु है जो मेरा अभिनन्दन नही करता और न ही मेरी वृद्धि चाहता है। निमित्तज्ञानी पुरोहितो ने भरत से कहा कि यद्यपि आपने बाहर के लोगो को जीत लिया है तथापि आपके घर के लोग आपके अनुकूल नही है। ये आपके भाई अजेय है और इनमे भी अतिशय युवा, धीर, वीर और बलवान बाहुबली मुख्य है। आपकी माता के उदर से उत्पन्न आपके भाइयो ने निश्चय किया है कि वे भगवान आदिनाथ के अतिरिक्त किसी को प्रणाम नही करेगे। आपको उनके पास दूत भेजकर सदेशा भेजना चाहिए कि आपका बडा भाई पिता के तुल्य है, चक्रवर्ती है और सब प्रकार से पूज्य है। अत. आपके बिना यह राज्य उनको सतोष का देनेवाला नही हो सकता। आपको उन्हे प्रणाम करना ही चाहिए। भरत के दूत भेजने पर उसके सहोदर भाइयो ने आपस मे परामर्श किया और इसके फलस्वरूप कि अब क्या करना चाहिए, भगवान ऋषभदेव के समवशरण मे पधारे। भगवान जो स्वय राज्यलक्ष्मी को जीर्ण तृणवत् छोड चुके थे, कैसे उनको

घर मे रहने का उपदेश देते। भगवान ने उन पुत्रो से कहा कि इस विनाशी राज्य से क्या हो सकता है ? ये सब पदार्थ तृष्णा रूपी अग्नि को प्रज्वलित करनेवाले है। एक दिन भरत भी इस विनश्वर राज्य को छोडेगा, इसलिए इस अस्थिर राज्य के लिए तुम क्यो लड़ते हो ? इस तरह भगवान के वचन सुनकर उन राजकुमारो को वैराग्य हो गया और उन्होने भगवान से परम दैगम्बरी दीक्षा धारण कर ली।

अपने सहोदर भाइयो के दीक्षा-समाचार को सुनकर महाराज भरत को अब केवल यह चिन्ता रही कि बाहुबली को कैसे अपने अनुकूल किया जावे ? बाहुबली नीति में चतुर, भारी पराक्रमी और बुद्धिमान राजकुमार है, अत इसको साम, दाम, दण्ड और भेद से जीतना अशक्य है। यह विचारकर और मन्त्रियो से परामर्श लेकर पोदनपुर को एक अत्यन्त चतुर दूत भेजा। दूत ने नतमस्तक होकर बाहुबली को प्रणाम किया और बाहुबली ने भी उसको योग्य आसन देकर चक्रवर्ती की कुशल क्षेम पूछी। चतुर दूत ने कहा कि इक्ष्वाकुवश-शिरोमणि आपके बडे भाई ने यह सदेशा भेजा है कि यह हमारा राज्य हमारे प्रिय भाई बाहुबली के बिना हमे शोभा नही देता और कहा कि आपको भी भरत का सत्कार करना चाहिए और प्रणाम करना चाहिए। बाहुबली इन मर्मछेदन करनेवाले वचनो को न सह सका। उसने कहा कि बड़े भाई नमस्कार करने योग्य है यह बात अन्य समय में कही जा सकती है, लेकिन जिसने मस्तक पर तलवार रख छोडी है उसको प्रणाम करना यह कहा की रीति है। आदिब्रह्मा

भगवान ऋषभदेव ने 'राजा' यह शब्द मेरे तथा भरत दोनो के लिए दिया था। वह अवश्य ही हमारे पिता की दी हुई पृथ्वी हमसे छीनना चाहता है अत उसका प्रत्याख्यान (तिरस्कार) होना ही चाहिए। मुझे पराजित किये विना भरत इस पृथ्वी का उपभोग नही कर सकता, अत. तू जाकर अपने स्वामी को युद्ध के लिए तैयार कर दे।

दूत ने सव समाचार महाराज भरत को सुना दिए। दोनो ओर से भयंकर युद्ध की तैयारी हुई। दोनो ओर के मन्त्रियो ने सोचा कि दोनो भाई तद्भव मोक्षगामी है, इनकी कुछ भी क्षति नही होगी। इनका युद्ध क्रूर ग्रहो के समान शान्ति के लिए नही है। इनके युद्ध से दोनो पक्ष के योद्धाओ का व्यर्थ संहार होगा और इसमे धर्म तथा यश का विघात होगा। यह सोच कर और नर-सहार से डरकर दोनो ओर के मन्त्रियो ने दोनो की आज्ञा लेकर धर्म-युद्ध की घोषणा कर दी। इन दोनो के वीच दृष्टि-युद्ध, जल-युद्ध और मल्ल-युद्ध का निश्चय हुआ।

युद्ध प्रारम्भ हुआ। अत्यन्त धीर और निर्निमेष दृष्टिवाले वाहुवली ने दृष्टियुद्ध मे भरत को पराजित किया। इसके पश्चात् मदोन्मत्त और अभिमानोद्धत दोनो भाई जलयुद्ध के लिए सरोवर मे प्रविष्ट हुए। इसमें भी वाहुवली की विजय हुई। इसके पश्चात् वे दोनो नर शार्दूल मल्लयुद्ध के लिए रगभूमि में आ उतरे। उन दोनो भाइयो का अनेक प्रकार से हाथ हिलाने, ताल ठोकने, पैतरा वदलने और भुजाओ के व्यायाम से वडा भारी मल्लयुद्ध हुआ। इसमे वाहुवली ने भरत को दोनो हाथो से उठाकर क्षणमात्र मे ऊपर घुमा दिया, परन्तु

विवेक को न छोडा। उसने अपने वड़ भाई को अपने कधो पर धारण किया। इस प्रकार वाहुवली ने अपने वडे भाई का गौरव रखा। स्वभावतः वाहुवली के पक्षवालो ने आल्हादित हो कोलाहल किया और भरत के पक्षवाले लज्जित हुए।

चक्रवर्ती इस पराजय पर खिसयाना हुआ और क्षोभ मे अन्धा होकर युद्ध-सम्वन्धी प्रतिज्ञा को भग करते हुए उसने चक्ररत्न का स्मरण किया। चक्र को वुलाकर और निर्दय होकर भरत ने वह चक्र वाहुवली पर चला दिया, परन्तु वह चक्र वाहुवली के अवध्य होने के कारण वाहुवली की प्रदक्षिणा देकर निस्तेज हो भरत के पास वापिस आ गया।

इधर कुमार वाहुवली ने सोचा कि देखो! हमारे वडे भाई ने इस नश्वर राज्य के लिए हमें मारने का कैसा जघन्य कार्य किया। यह साम्राज्य क्षणभगुर है, फलकाल मे दुःख देनेवाला है, व्यभिचारिणी स्त्री के समान है। अहा! विषयो मे आसक्त पुरुष इन विषयजनित सुखो का निन्द्यपना, अपकार, क्षणभगुरता और नीरसपने को नही सोचते। विषयो का जैसा उद्वेग है, वैसा उद्वेग शस्त्रो का प्रहार, प्रज्वलित अग्नि, वज्र, विजली और वड़े-वडे सर्प भी नही करते। भोगो की इच्छा करनेवाले मनुष्य वडे-वडे समुद्र, प्रचण्ड युद्ध, भयकर वन, नदी और पर्वतो में प्रवेश करते है। वज्रपात जैसे कटु शब्दो को सहन करते है। भोगातुर प्राणी हित-अहित को नही जानता। शरीर का वल हाथी के कान के समान चचल है। जीर्ण शीर्ण शरीर रूपी झोपडा रोगरूपी चूहो के द्वारा नष्ट किया जाता है। इस प्रकार वाहुवली ने संसार को

असार समझते हुए अपने भाई भरत को निम्न वाक्य कहे—

"भरत ! यह ठीक है, कि तूने छह खण्ड पृथ्वी को अपने वश मे कर लिया है। क्या तुझे लज्जा नही आई कि तूने भाइयो का सत्व छीनकर राज्य प्राप्त करने की कुचेष्टा की है ? क्या आदिब्रह्मा भगवान वृषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र का यही कार्य था कि वह इस प्रकार अपने कुल का उद्धार करे ? तूने मोहित होकर मुझ पर जो चक्र चलाया है क्या वह न्याय-सगत था ? इत्यादि । अव तू ही इस राज्य-लक्ष्मी का उपभोग कर, अव तुझे ही यह राज्य प्रिय रहे, हम अव निष्कटक तपरूपी लक्ष्मी को अपने अधीन करेगे । मैं विनय से च्युत हो गया था अतएव इसको मेरी चचलता समझ कर क्षमा कीजिए ।" वाहुवली ने अपने पुत्र महावली को राज्य देकर गुरुदेव के चरणो की आराधना करते हुए जिन-दीक्षा धारण की। इधर भरत को भी अपने कृत्य पर पश्चात्ताप हुआ ।

वाहुवली मुनि ने एक वर्षतक निराहार खडे रहकर प्रतिमा-योग धारण किया। दोनो पैरो और हाथो तक वन की लताओ ने शरीर को व्याप्त कर लिया। वावी वनाकर घुटनो से ऊचे तक सर्प फुकार रहे थे। केश कन्धो तक आगए थे; किन्तु धीर-वीर वाहुवली सव वाधाओ को सहते हुए अत्यन्त शान्त थे। उन्होने अपने गुणो द्वारा पृथ्वी, जल, वायु और अग्नि को जीत लिया, २२ परीषहो को सहन किया, २८ मूलगुण और ८४ लाख उत्तरगुणो का पालन किया। एक वर्ष तक घोर तपश्चरण करने पर लेश्या की विशुद्धि को प्राप्त कर शुक्ल-ध्यान के सन्मुख हुए।

वाहुवली के चित्त मे एक शल्य थी कि भरतेश्वर को मुझसे सक्लेश प्राप्त हुआ है। यह मिथ्या शल्य उनके केवलज्ञान होने में बाधक थी, अत जिस समय भरत ने आकर उनकी पूजा की उनकी शल्य मिट गई और तत्क्षण उन्हें केवलज्ञान प्राप्त हो गया। भरत ने मत्रियो, राजाओ और अन्त पुर की समस्त स्त्रियो के साथ भगवान वाहुवली को नमस्कार किया। कैवल्य के प्रताप से वाहुवली के ऊपर छत्र और नीचे दिव्य सिहासन देदीप्यमान हो रहा था। देव चमर ढुरा रहे थे और उनकी गन्धकुटी भी निर्माण की गई थी। इस प्रकार धर्मामृत वर्षाते हुए भगवान वाहुवली अपने पूज्य पिता भगवान वृषभदेव के सामीप्य से पवित्र हुए कैलाश पर्वत पर जा पहुचे।

सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य्य

इतिहासज्ञ इस विषय मे प्राय एकमत है कि सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य्य जैनधर्म के अनुयायी थे। विन्सेन्ट स्मिथ का कहना है कि "दो हजार वर्ष से अधिक हुए, भारत के प्रथम सम्राट् ने उस प्राकृतिक सीमा को प्राप्त किया था, जिसको न कभी अग्रेजो ने और न मुसलमानो ने पूर्णता के साथ प्राप्त किया।" वे ३२२ ईस्वी पूर्व मगध के सिहासन पर विराजमान थे। इसी वीर ने भारत मे एकछत्र साम्राज्य की स्थापना की और यूनानियो को भारत से निकाला। सैल्यूकस का आक्रमण चन्द्रगुप्त के शासनकाल की मुख्य घटना है। सैल्यूकस ने चन्द्रगुप्त से सन्धि करके उसको ५०० हाथी दिए और कावुल, हिरात और कन्धार भी

उसके राज्य मे मिले। सम्पूर्ण उत्तर भारत, काश्मीर, अफगानिस्तान और बिलोचिस्तान इस राज्य के अन्तर्गत थे। सैल्यूकस ने चन्द्रगुप्त को अपनी कन्या भी भेट मे दी थी।

चन्द्रगुप्त की शासन-व्यवस्था जनसत्तात्मक थी। उसने भूमिकर, तटकर (आयात और निर्यात), विक्रीकर (सैल्सटैक्स) तथा प्रत्यक्षकर आदि की आय से सार्वजनिक हित के कार्य किये। स्थान-स्थान पर डाम लगवाकर अधिक सिंचाई का प्रबध किया। चिकित्सालय, स्वास्थ्य-रक्षा और सार्वजनिक कष्टो का निवारण आदि सभी कार्य व्यवस्थित रूप से किए।

चन्द्रगुप्त जिस प्रकार राज्य सचालन मे निपुण था, उसी प्रकार ज्ञान तथा कला और कौशल मे सुचतुर। वह एक धर्मनिष्ठ व्यक्ति था। उनसे २०० वर्ष पूर्व भारत भूमि को अतिम तीर्थङ्कर भगवान महावीर ने पवित्र किया था। चन्द्रगुप्त पर उन्हीके उपदेशो का प्रभाव था।

एक दिन रात्रि के पिछले पहर मे चन्द्रगुप्त को १६ दुस्वप्न दिखाई दिये। ससार से भयभीत चन्द्रगुप्त को किसी योगिराज से इन स्वप्नो का फल जानने की अभिलाषा हुई। इधर अनेक देशो मे विहार करते हुए १२००० शिष्यो को साथ लेकर अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी उज्जयिनी नगरी के उपवन मे आए। महाराज चन्द्रगुप्त को सघ के आगमन की सूचना मिली। सम्राट् मुनिसघ के वदना की उत्कण्ठा से प्रजा को लेकर दर्शनो को गया। तीन प्रदक्षिणा देकर उनकी पूजा की और स्वप्नो का फल पूछा। निमित्तज्ञानी भद्रवाहु ने बतलाया कि इनका फल पुरुषो को वैराग्य उत्पन्न

करानेवाला तथा आगामी खोटे काल की सूचना देना है।

एक दिन भद्रवाहु मुनिराज नगर मे जिनदास सेठ के घर आहार के निमित्त गए। उस निर्जन घर मे उस समय केवल एक साठ दिन का वालक पालने मे झूल रहा था, जिसने कहा "जाओ, जाओ"। मुनिराज ने पूछा, "वत्स कितने वर्ष पर्यन्त?" वालक ने कहा, "वारह वर्ष पर्यन्त।" मुनिराज ने निमित्त-ज्ञान से जान लिया कि मालवा मे वारह वर्ष पर्यन्त घोर दुर्भिक्ष पड़ेगा और मुनिधर्म का पालना कठिन हो जायगा। श्री भद्रवाहु अन्तराय समझकर लौट आए और सघ को वुला कर कहा कि यहां वारह वर्ष का अकाल पडेगा और अकाल के समय सयमी पुरुषो को ऐसे दारुण देश मे रहना उचित नही है।

जव श्रावको ने मुनि-सघ के जाने की वात सुनी तो उन्होने वहुत अनुनय-विनय किया और हर प्रकार से शुद्ध भोजन का आश्वासन दिलाया, किन्तु भद्रवाहुस्वामी ने शास्त्र की मर्य्यादा रखते हुए सयम का ठीक पालन हो इसलिए दक्षिणा-पथ को प्रस्थान किया। सम्राट् चन्द्रगुप्त ने भी अपने पुत्र को राज्य देकर मुनिदीक्षा धारण करली और भद्रवाहु के साथ दक्षिण को चल दिये।

श्री भद्रवाहु स्वामी विहार करते हुए किसी गहन अटवी मे जा पहुचे। वहा उन्होने एक आकस्मिक आकाशवाणी सुनी। उन्होने अपना जीवन वहुत ही थोडा शेष जानकर वही रहना निश्चय किया और अपने पद पर विशाखाचार्य को नियोजित करके समस्त सघ को दक्षिण जाने की आज्ञा दी। केवल चन्द्रगुप्त मुनि उनकी वैय्यावृत्ति के लिए भद्रवाहु के साथ रहे।

भद्रबाहु योगिराज ने अपने मन, वचन और काय के योगो की प्रवृत्ति को रोक कर सल्लेखना विधि स्वीकार की। चन्द्रगुप्त मुनि ने वहा श्रावको के न रहने से प्रोषधोपवास किया। भद्रबाहु ने उनको चर्या के लिए भेजा, किन्तु तीन दिन बराबर अन्तराय हुआ। चौथे दिन वन-देवता ने एक नगर बसाया जिसका नाम 'श्रवणबेलगोल' रखा गया। चन्द्रगुप्त मुनि यही आहार करने लगे।

भद्रबाहु मुनिराज ने सप्तभय रहित होकर क्षुधादि उपद्रवो को जीता और ४ प्रकार की आराधना आराध कर शुद्धोपयोग स्वीकार कर निरभिलाषी हो समाधिपूर्वक शरीर का परित्याग किया। जिस कन्दरा मे भद्रबाहु ने शरीर छोडा चन्द्रगुप्त मुनिराज ने वही रहकर बारह वर्ष पर्यन्त गुरु मे चरणो की उपासना करते हुए तपश्चरण किया और अन्त मे समाधि-मरणपूर्वक देह-तायग किया।


मंत्री चामुण्डराय

भारतवर्ष एक श्रीसम्पन्न देश है। उसकी यह श्री विशेषकर चार रूपो मे स्पष्ट व्यक्त है, अर्थात् धन-सम्पत्ति, वीरता तथा पराक्रम, सास्कृतिक समृद्धि और अध्यात्मवाद। भौतिक दृष्टि से अपनी महान धन-सम्पत्ति के कारण भारत-वर्ष विदेशियों के द्वारा सोने की चिडिया के नाम से पुकारा गया। अत्यंत प्राचीन काल से यहा एक से बढ़कर एक ऐसे वीर योद्धा और पराक्रमी महापुरुष जन्म लेते रहे है जिसके कारण यदि भारत को वीर-प्रसूता भूमि कहा जाय, तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। यहा की सास्कृतिक

समृद्धि यहां के रत्न-सदृश अमूल्य साहित्य, कला-कौशल, मन्दिरो तथा मूर्तियो, उच्च परम्पराओ और सत्य तथा अहिंसापूर्ण निर्मल चरित्र इत्यादि से प्रकट होती है और यहां का अध्यात्मवाद यहां के ऋषि मुनियो, साधु-साध्वियो और आत्मज्ञानी विद्वान्, सहस्त्रो आचार्यो के तप-त्याग के कारण भारत सचमुच पुण्य-भूमि और सतो का देश कहलाता है।

संसार के इतिहास मे ऐसे महापुरुष विरले ही मिलेंगे, जो इन चारो ही श्रियो से सम्पन्न हो। भारत को ऐसे जिन महापुरुषो को जन्म देने का गौरव प्राप्त है वीर-मार्तण्ड चामुण्डराय उनमे से एक है। इनको चामुण्डराय भी कहते है और गोम्मट उनका घरू नाम था। 'राय' दक्षिण के गग नरेश राचमल्ल द्वारा मिली हुई पदवी थी। इन के वाल-जीवन, गृहस्थ अवस्था की घटनाए अधकार मे है, फिर भी शिलालेखो और कीर्तिगाथाओ से इनके महान् व्यक्तित्व का पता अवश्य लगता है। ये जैनधर्मानुयायी और ब्रह्मक्षत्रिय वशज थे जिससे अनुमान होता है, कि मूल मे इनका वश ब्राह्मण था, पर वाद मे क्षत्रिय कार्य को अपनाने के कारण ये क्षत्रिय माने जाने लगे थे। चामुण्डराय ने दीर्घ-जीवन पाया, क्योकि इन्हे गगवंश के एक दो नही तीन शासको के अधीन काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गगवश मैसूर राज्य में ईसा की चौथी शताब्दि से लेकर ग्यारहवी शताब्दि तक रहा है और चामुण्डराय गंगवशी राजा राचमल्ल के मत्री और सेनापति थे। राजा राचमल्ल का राज्यकाल सन् ९७४ ई० से सन् ९८४ निश्चित है।

इतिहास मे सदा इनका नाम स्वर्णाक्षरो मे लिखा जाकर अमर रहेगा। ये जैनो या दक्षिण भारत के ही नही, वरन् समस्त भारत के गौरव थे। हम इन पर जितना भी मान करे, इनसे जितनी भी शिक्षा प्राप्त करें, कम है।



विन्ध्यगिरि के मन्दिर

: ३ :

मंदिर और स्मारक

श्रवणबेलगोल के प्राचीन मन्दिरो और स्मारको का वर्णन निम्न शीर्षको मे दिया जाता है :—

१. विन्ध्यगिरि २. चन्द्रगिरि ३. नगर ४ आसपास के ग्राम.

विन्ध्यगिरि

यह पर्वत बड़ी पहाडी के नाम से प्रसिद्ध है। इसे दोड्डबेट और इन्द्रगिरि भी कहते है। यह समुद्र तट से ३३४७ फुट और नीचे के मैदान से ४७० फुट ऊचा है। ऊपर चढने के लिए कोई ६०० सीढी है। इसी पहाड पर विश्वविख्यात ५७ फुट ऊची खड्गासन गोम्मटेश्वर की सौम्य मूर्ति है। यह मूर्ति १४–१५ मील से यात्रियो को प्रथम तो एक ध्वजा के स्तम्भ के आकार मे दिखाई देती है, किंतु पास आने पर उसे एक विस्मय मे डालनेवाली, अपूर्व और अलौकिक प्रतिमा के दर्शन होते है। यात्री अगाध शान्ति का अनुभव करता है और अपने जीवन को सफल मानता है।

गोम्मटेश्वर की मूर्त्ति

यह दिगंबर, उत्तराभिमुखी, खड्गासन, ध्यानस्थ प्रतिमा समस्त ससार की आश्चर्यकारी वस्तुओ मे से एक है। सिर पर केशो के छोटे-छोटे कुतल, कान बडे और लम्बे, वक्ष.स्थल चौड़ा, नीचे लटकती हुई विशाल भुजाए और कटि किञ्चित् क्षीण

है। घुटनो से नीचे की ओर टागे खर्वाकार है। मूर्ति की आखे, इसके ओष्ट, इसकी ठुड्डी, आखो की भौहे सभी अनुपम और लावण्यपूर्ण है। मुख पर अपूर्व कान्ति और अगाध शान्ति है। घुटनो से उपर तक वाविया दिखाई गई है, जिनसे कुक्कुट सर्प निकल रहे है, दोनो पैरो और भुजाओ से माधवी लता लिपट रही है। मुखपर अचल ध्यान-मुद्रा अङ्कित है। मूर्ति क्या है मानो त्याग, तपस्या और शान्ति का प्रतीक है। दृश्य वडा ही भव्य और प्रभावोत्पादक है। पादपीठ एक विकसित कमल के आकार का वनाया गया है। नि सदेह मूर्तिकार ने अपने इस अपूर्व प्रयास मे सफलता प्राप्त की है। समस्त संसार मे गोम्मटेश्वर की तुलना करनेवाली मूर्ति कही भी नही है। इतने भारी और विशाल पाषाण पर सिद्ध हस्त कलाकार ने जिस कौशल से अपनी छैनी चलाई है उससे भारत के मूर्तिकारो का मस्तक सदैव गर्व से ऊचा रहेगा।

बाहुवली (गोम्मटेश्वर) की मूर्ति यद्यपि जैन है तथापि न केवल भारत, अपितु सारे ससार का अलौकिक धन है। शिल्प-कला का वेजोड रत्न है, अशेष मानव जाति की यह अमूल्य धरोहर है। इतने सुन्दर प्रकृतिप्रदत्त पाषाण से इस मूर्ति का निर्माण हुआ है कि १००० वर्ष से अधिक बीतने पर भी यह प्रतिमा सूर्य, मेघ, वायु आदि प्रकृतिदेवी की अमोघ शक्तियो से बाते कर रही है। उसमें किसी प्रकार की भी क्षति नही हुई और ऐसा प्रतीत होता है कि शिल्पी ने इसे अभी टाकी से उत्कीर्ण किया हो।

गोम्मटेश्वर की मूर्ति आज के क्षुब्ध ससार को देशना

दे रही है कि परिग्रह और भौतिक पदार्थो की ममता पाप का मूल है। जिस राज्य के लिए भरतेश्वर ने मुझसे सग्राम किया, मैने जीतने पर भी उस राज्य को जीर्णतृणवत् समझ कर एक क्षण में छोड़ दिया। यदि तुम शाति चाहते हो तो मेरे समान निर्द्वन्द्व होकर आत्मरत हो।

एकवार स्वर्गीय ड्यूक आफ वैलिगटन जव वे सरिंगापाटन का घेरा डालने के लिए अपनी फौजो की कमाण्ड कर रहे थे, मार्ग में इस मूर्ति को देखकर आश्चर्यान्वित हो गए और ठीक हिसाव न लगा सके कि इस मूर्ति के निर्माण में कितना रुपया तथा समय व्यय हुआ है। अभी हमारे प्रधान मत्री माननीय जवाहरलाल नेहरु भी उस मूर्ति को देखकर अत्यन्त प्रभावित हुए।

गोम्मटेश्वर कौन थे ?

गोम्मटेश्वर कौन थे और उनकी मूर्ति यहा किसके द्वारा किस प्रकार और कव प्रतिष्ठित की गई, इसका कुछ उल्लेख शिलालेख न २३४ (८५) मे पाया जाता है। यह लेख एक छोटा-सा सुन्दर कन्नड काव्य है जो सन् ११८० ई० के लगभग वोप्पनकवि के द्वारा रचा गया था, वह इस प्रकार है।

"गोम्मट, पुरुदेव अपर नाम ऋषभदेव प्रथम तीर्थङ्कर के पुत्र थे। इनका नाम वाहुवली या भुजवली भी था। इनके ज्येष्ठ भ्राता भरत थे। ऋषभदेव के दीक्षित होने के पश्चात् भरत और वाहुवली दोनो भाइयो मे साम्राज्य के लिए युद्ध हुआ, इसमे वाहुवली की विजय हुई, पर ससार की गति से विरक्त हो उन्होने राज्य अपने ज्येष्ठ भ्राता भरत

को सौंप दिया और आप तपस्या करने वन मे चले गए। थोडे ही काल मे तपस्या के द्वारा उन्हे केवलज्ञान प्राप्त हुआ। भरत ने जो अब चक्रवर्ती होगए थे, पोदनपुर मे स्मृति रूप उनकी शरीराकृति के अनुरूप ५२५ धनुष प्रमाण की एक प्रतिमा स्थापित कराई, समयानुसार मूर्ति के आसपास का प्रदेश कुक्कुट सर्पो से व्याप्त हो गया, जिससे उस मूर्ति का नाम कुक्कुटेश्वर पड गया। धीरे-धीरे वह मूर्ति लुप्त हो गई और उसके दर्शन केवल मुनियो को ही मत्रशक्ति से प्राप्त होते थे। गगनरेश राचमल्ल के मत्री चामुण्डराय ने इस मूर्ति का वृत्तान्त सुना और उन्हे इसके दर्शन करने की अभिलाषा हुई। पर पोदनपुर की यात्रा अशक्य जान उन्होंने उसी के समान एक सौम्य मूर्ति स्थापित करने का विचार किया और तदनुसार इस मूर्ति का निर्माण कराया।" आगे कवि ने अपने भावो को अत्यन्त रसपूर्ण सुन्दर कविता में वर्णन किया है। जिसका भाव इस प्रकार है —

"यदि कोई मूर्ति अत्युन्नत (विशाल) हो, तो यह आवश्यक नही कि वह सुन्दर भी हो। यदि विशालता और सुन्दरता दोनों हो, तो यह आवश्यक नही, कि उसमे अलौकिक वैभव भी हो। गोम्मटेश्वर की मूर्ति में विशालता, सुन्दरता और अलौकिक वैभव, तीनो का सम्मिश्रण है। अत गोम्मटेश्वर की मूर्ति से बढकर ससार मे उपासना के योग्य क्या वस्तु हो सकती है?

यदि माया (शची) इनके रूप का चित्र न बना सकी, १,००० नेत्र वाला इन्द्र भी इनके रूप को देखकर तृप्त न

हुआ और २००० जिह्वा वाला नागेन्द्र (अविशेष) भी इनका गुणगान करने में असमर्थ रहा, तो दक्षिण के अनुपम और विशाल गोम्मटेश्वर के रूप का कौन चित्रण कर सकता है। कौन उनके रूप को देखकर तृप्त हो सकता है और कौन उनका गुणगान कर सकता है ?

पक्षी भूलकर भी इस मूर्ति के ऊपर नही उडते। वाहुवली की दोनो काखो मे से केशर की सुगन्ध निकलती है। तीनो लोकों के लोगो ने यह आश्चर्यजनक घटना देखी। वह कौन है जो इस तेजस्वी मूर्ति का ठीक वर्णन कर सकता है ?

नागराजो का प्रख्यात ससार (पाताललोक) जिसकी नीव है, पृथ्वी (मध्यलोक) जिसका आधार है, परिधिचक्र जिसकी दीवारे है, स्वर्गलोक (ऊर्ध्वलोक) जिसकी छत है, जिसकी अट्टारी पर देवो के रथ है, जिनका ज्ञान तीन लोको में व्याप्त है। अत वही त्रिलोक गोम्मटेश्वर का निवास है।

क्या वाहुवली अनुपम सुन्दर है ? हा, वे कामदेव है। क्या वे वलवान है ? हाँ, उन्होने सम्राट् भरत को परास्त कर दिया है। क्या वे उदार है ? हा, उन्होने जीता हुआ साम्राज्य भरत को वापिस दे दिया है। क्या वे मोह रहित है ? हा, वे ध्यानस्थ है और उनको केवल दो पैर पृथ्वी से सन्तोष है जिस पर वे खडे है। क्या वे केवलज्ञानी है ? हा, उन्होने कर्मबन्धन का नाश कर दिया है।

जो मन्मथ से अधिक सुन्दर है, उत्कृष्ट भुजवल को धारण करनेवाले है, जिसने सम्राट् के गर्व को खण्डित कर दिया, राज्य को त्यागने से जिसका मोह नष्ट हो गया, जिसने कैवल्य

प्राप्त करके सिद्धत्व पा लिया, समस्त ससार ने जिन पर नमेरु पुष्पो की वर्षा देखी, उन पुष्पो की चमक और दिव्य सुगन्ध परिधिचक्र से आगे चली गई। ...... गोम्मटेश्वर के मस्तक पर पुष्पवृष्टि देखकर स्त्री, पुरुष, वालक और पशु समूह भी हर्षित हो उठा। वेल्गोल के गोम्मटेश्वर के चरणो पर पुष्पवृष्टि ऐसी प्रतीत होती थी, मानो उज्ज्वल तारा समूह उनके चरणो की वन्दना को आया हो। वाहुवली पर ऐसी पुष्पवृष्टि या तो उस समय हुई थी, जव उन्होने द्वन्द्व युद्ध में भरत को परास्त किया या उस समय हुई जव उन्होने कर्मशत्रुओ पर विजय प्राप्त की।

अय प्राणी! तू व्यर्थ जन्म रूपी वन में भ्रमण कर रहा है। तू मिथ्या देवो में क्यो श्रद्धा करता है? तू सर्वश्रेष्ठ गोम्मटेश्वर का चिन्तन कर। तू जन्म, वुढापा और खेद से मुक्त हो जायगा।

गोम्मटेश्वर की यह विशाल मूर्ति देशना कर रही है कि कोई प्राणी हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह में सुख न माने, अन्यथा मनुष्य जन्म वेकार जायगा।

वाहुवली को निरपराध स्त्रियो का विलाप भी न रोक सका। उनका रोना उनके कानो तक नही पहुँचा। विना कारण परित्याग करने पर उनको वसन्त ऋतु, चन्द्रमा, पुष्प धनुष और वाण ऐसे प्रतीत होते थे, जैसे नायक के विना नाटच मडली। वावियां और शरीर पर लिपटी हुई माधवी लता वतला रही है कि पृथ्वी विना कारण परित्याग के सिमट गई हो और लतारूप शोकग्रस्त स्त्रियो ने उनको

आलिगन कर लिया हो ।

वाहुवली को भरतेश्वर की प्रार्थना भी न रोक सकी । भरत ने कहा था कि "भाई ! मेरे ९८ भाइयो ने ससार-त्याग कर के दीक्षा धारण कर ली है । यदि आप भी तपश्चरण को जायगे, तो यह राज्य सम्पदा मेरे किस काम आयगी ?"

गोम्मटदेव ! आपकी वीरता प्रशसनीय है । जव आपके वडे भाई भरत ने प्रार्थना की, कि आप यह विचार छोड़ दे कि आपके दोनो पाव मेरी पृथ्वी मे है। पृथ्वी न मेरी है और न आपकी। भगवान ने वतलाया है कि सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चरित्र ही आत्मा के निजी गुण है। ऐसा सुनते ही आपने सर्व गर्व त्याग दिया और आपको कैवल्य की प्राप्ति हुई ।

गोम्मटदेव ! यह आप ही के योग्य था। आपके तपश्चरण से आपको स्थायी सुख मिला तथा औरो को आपने मार्ग-प्रदर्शक का कार्य किया। आपने घातिया कर्मों का नाश करके अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तवीर्य और अनन्तसुख प्राप्त किया और अघातिया कर्मों के नाश से आपने सिद्धत्व प्राप्त किया ।

हे गोम्मटदेव ! जो लोग इन्द्र के समान सुगन्धित पुष्पो से आपके चरण कमल पूजते है, प्रसन्नचित्त होकर दर्शन करते है, आपकी परिक्रमा करते है और आपका गान करते है, उनसे अधिक पुण्यशाली कौन होगा ?"

यह वर्णन थोडे-वहुत हेर-फेर के साथ 'भुजवलिशतक', 'भुजवलिचरित' 'गोम्मटेश्वर चरित', 'राजावलिकथा' तथा

'स्थलपुराण' मे भी पाया जाता है ।

'भुजबलिचरित' के अनुसार जैनाचार्य जिनसेन ने पोदन-पुरस्थ मूर्ति का वर्णन चामुण्डराय की माता काललदेवी को सुनाया । उसे सुन कर मातश्री ने प्रण किया कि जबतक गोम्मटदेव के दर्शन न कर लूगी, दुग्ध नही लूगी । मातृभक्त चामुण्डराय ने यह सवाद अपनी पत्नी अजितादेवी के मुख से सुना और तत्काल गोम्मटेश्वर की यात्रा को प्रस्थान किया । मार्ग मे उन्होने श्रवणबेल्गोल की चन्द्रगुप्त वस्ती मे भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन किए और अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु के चरणो की वन्दना की । रात्रि को स्वप्न आया कि पोदन-पुर वाली गोम्मटेश्वर की मूर्ति का दर्शन केवल देव कर सकते है, वहा की वन्दना तुम्हारे लिए अगम्य है, पर तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न होकर गोम्मटेश्वर तुम्हे यही दर्शन देंगे । तुम मन, वचन, काय की शुद्धि से सामनेवाले पर्वत पर एक स्वर्ण-बाण छोडो और भगवान के दर्शन करो । मातश्री को भी ऐसा ही स्वप्न हुआ । दूसरे दिन प्रात.काल ही चामुण्डराय ने स्नान पूजन से शुद्ध हो चन्द्रगिरि की एक शिला पर अवस्थित होकर, दक्षिण दिशा को मुख करके एक स्वर्णबाण छोडा, जो बड़ी पहाड़ी (विन्ध्यगिरि) के मस्तक पर जाकर लगा । बाण लगते ही विन्ध्यगिरि का शिखर कांप उठा, पत्थरो की पपडी टूट पड़ी और मैत्री, प्रमोद और कारुण्य का ब्रह्मविहार दिखलाता हुआ गोम्मटेश्वर का मस्तक प्रकट हुआ । चामुण्डराय और उसकी माता की आखो से भक्तिवश अविरल अश्रुधारा बहने लगी । तुरंत असख्य मूर्तिकार वहा आ गए । प्रत्येक के हाथ में

हीरे की एक-एक छैनी थी। बाहुबली के मस्तक के दर्शन करते जाते थे और आसपास के पत्थर उतारते जाते थे। कन्धे प्रकट हुए, छाती दिखाई देने लगी, विशाल बाहुओ पर लिपटी हुई माधवीलता दिखाई दी। वे पैरो तक आ पहुचे। नीचे बामियो मे से कुक्कुट सर्प निकल रहे थे, पर बिल्कुल अहिंसक। पैरो के नीचे एक विकसित कमल निकला। भक्त माता का हृदय-कमल भी खिल गया और उसने कृतार्थ और आनन्दित हो 'जय गोम्मटेश्वर' की ध्वनि की। आकाश से पुष्पवृष्टि हुई और सभी धन्य धन्य कहने लगे। फिर चामुण्डराय ने कारीगरो से दक्षिण बाजू पर ब्रह्मदेव सहित पाताल गम्ब, सन्मुख यक्षगम्ब, ऊपर का खण्ड, त्यागदकम्ब, अखण्ड बागिलु नामक दरवाजा और यत्र तत्र सीढिया बनवाई। दरवाजे पर ही एक भव्यात्मा गुल्लकाय देवी की मूर्ति है।

इसके पश्चात् अभिषेक की तैयारी हुई। उस समय एक वृद्धा महिला गल्लकायजी नाम की, एक नारियल की प्याली मे अभिषेक के लिए थोडा-सा अपनी गाय का दूध ले आई और लोगों से कहने लगी कि मुझे अभिषेक के लिए यह दूध लेकर जाने दो, पर बिचारी बुढिया की कौन सुनता? वृद्धा प्रतिदिन सवेरे गाय का दूध लेकर आती और अंधेरा होने पर निराश होकर घर लौट जाती। इस प्रकार एक मास बीत गया। अभिषेक का दिन आया पर चामुण्डराय ने जितना भी दुग्ध एकत्रित कराया उससे अभिषेक न हुआ। हज़ारो घडे दूध डालने पर भी दुग्ध गोम्मटेश्वर की कटि तक भी न पहुचा। चामुण्डराय ने घबरा कर प्रतिष्ठाचार्य से कारण

पूछा । उन्होने वतलाया कि मूर्ति निर्माण पर जो तुझमें कुछ गर्व की आभा-सी आ गई है, इसलिए दुग्ध कटि से नीचे नही उतरता । उन्होने आदेश दिया कि जो दुग्ध वृद्धा गुल्लिकाया अपनी कटोरी मे लाई है उससे अभिपेक कराओ। चामुण्डराय ने ऐसा हो किया, और उस अत्यल्प दुग्ध की धारा गोम्मटेश के मस्तक पर छोडते ही न केवल समस्त मूर्ति का अभिषेक हुआ, वलिक सारी पहाडी दुग्धमय हो गई। चामुण्डराय को ज्ञान हुआ कि इतनी मेहनत, इतना व्यय और इतना वैभव भक्ति भरी एक दुग्ध की कटोरी के सामने तुच्छ है ।

इसके पश्चात् चामुण्डराय ने पहाडी के नीचे एक नगर वसाया और मूर्ति के लिए ९६,००० वरह की आय के गांव लगा दिए । अपने गुरु अजितसेन के कहने पर उस गाव का नाम श्रमणवेल्गोल रखा और उस गुलकायज्जि वृद्धा की मूर्ति भी वनवाई ।

'गोम्मटेश्वर चरित' मे लिखा है कि चामुण्डराय के स्वर्ण-वाण चलाने से जो गोम्मट की मूर्ति प्रकट हुई थी, चामुण्डराय ने उसे मूर्तिकारो से सुघटित करा कर अभिषिक्त और प्रतिष्ठित कराई ।

'स्थलपुराण' के अनुसार चामुण्डराय ने मूर्ति के हेतु एक लाख छयानवे हज़ार वरह की आय के ग्रामो का दान दिया ।

राजावलिकथा के अनुसार प्राचीन काल मे राम, रावण और रावण की रानी मन्दोदरी ने वेल्गोल के गोम्मटेश्वर की वन्दना की थी ।

मुनिवंशाभ्युदय काव्य मे लिखा है कि गोम्मट की मूर्ति को राम और सीता लङ्का से लाए थे। वे इसका पूजन करते थे। जाते समय वे इस मूर्ति को उठाने मे असमर्थ रहे इसीसे वे उन्हे इस स्थान पर छोड कर चले गए।

उपर्युक्त प्रमाणो से यही विदित होता है कि इस मूर्ति की स्थापना चामुण्डराय ने ही कराई थी। ५७ फुट की मूर्ति खोद निकालने योग्य पाषाण कही और स्थान से लाकर इतने ऊचे पर्वत पर प्रतिष्ठित किया जाना बुद्धिगम्य नही है। इसी पहाड़ पर प्रकृति-प्रदत्त स्तम्भाकार चट्टान काट कर इस मूर्ति का निर्माण हुआ है। मूर्ति के सम्मुख का मण्डप नव सौन्दर्य स खचित छतो से सजा हुआ है।

गोम्मटेश्वर की प्रतिष्ठा और उपासना

वाहुवली चरित्र में गोम्मटेश्वर की प्रतिष्ठा का समय कल्कि संवत् ६०० मे विभवसवत्सर चैत्र शुक्ल ५ रविवार को कुम्भ लग्न, सौभाग्ययोग, मृगशिरा नक्षत्र लिखा है। विद्वानों ने इस सवत् की तिथि २३ मार्च सन् १०२८ निश्चित की है।

प्रश्न हो सकता है कि वाहुबली की मूर्ति की उपासना कैसे प्रचलित हुई। इसका प्रथम कारण यह है कि इस अवसर्पिणी काल मे सबसे प्रथम भगवान ऋषभदेव से भी पहले मोक्ष जानेवाले क्षत्रिय वीर वाहुवली ही थे। इस युग के आदि मे इन्होने ही सर्वप्रथम मुक्ति-पथ प्रदर्शन किया। दूसरा कारण यह हो सकता है कि वाहुवली के अपूर्व त्याग, अलौकिक आत्मनिग्रह और निज वन्धु-प्रेम आदि असाधारण एव अमानुषिक गुणो ने सर्वप्रथम अपने बड़े भाई सम्राट् भरत

को इन्हे पूजने को वाध्य किया और तत्पश्चात् औरो ने भी भरत का अनुकरण किया। चामुण्डराय स्वय वीरमार्तण्ड थे, सुयोग्य सेनापति थे। अत उनके लिए महावाहु वाहुवली से वढ़कर दूसरा कोई आदर्श व्यक्ति न था। यही कारण है कि अन्य क्षत्रियो ने भी चामुण्डराय का अनुसरण करके कारकल और वेलूर में गोम्मटेश की मूर्तिया स्थापित कराई।

गोम्मटेश्वर नाम क्यों पड़ा ?

अव प्रश्न हो सकता है कि वाहुवली की मूर्ति का नाम गोम्मट क्यो पडा ? सस्कृत मे गोम्मट शव्द मन्मथ (कामदेव) का ही रूपान्तर है। इसलिए वाहुवली की मूर्तियां गोम्मट नाम से प्रख्यात हुई। इतना ही नही, वल्कि मूर्ति स्थापना के पश्चात् इस पुण्य कार्य की स्मृति को जीवित रखने के लिए सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्यप्रवर श्री नेमीचन्द्रजी ने चामुण्डराय का उल्लेख 'गोम्मटराय' के नाम से ही किया और अपने शिष्य चामुण्डराय के लिए रचे हुए 'पच सग्रह' ग्रन्थ का नाम उन्होने गोम्मटसार रखा। चामुण्डराय का घरू नाम भी गोम्मट था। इसलिए भी कहा जाता है कि मूर्ति का नाम गोम्मटेश्वर पडा।

मूर्ति का आकार

भगवान वाहुवली की इतनी उन्नत मूर्ति का नाप लेना कोई सरल कार्य नही है। सन् १८६५ में मैसूर के चीफ कमिश्नर श्री वौरिंग ने मूर्ति का ठीक-ठीक माप कराकर उसकी ऊंचाई ५७ फुट दर्ज की थी। सन् १८७१ ईस्वी मे महा-मस्तकाभिषेक के समय मैसूर के सरकारी अफसरो ने मूर्ति के निम्न माप लिये—

	फुट	इंच
चरण से कर्ण के अधोभाग तक	५०	०
कर्ण के अधो भाग से मस्तक तक	६	६
चरण की लम्वाई	९	०
चरण के अग्रभाग की चौडाई	४	६
चरण का अगुष्ठ	२	९
पाद पृष्ठ की ऊपर की गोलाई	६	४
जघा की अर्घ गोलाई	१०	०
नितम्व से कर्ण तक	२४	६
पृष्ठ-अस्थि के अधोभाग से कर्ण तक	२०	०
नाभि के नीचे उदर की चौडाई	१३	०
कटि की चौड़ाई	१०	०
कटि और टेहुनी से कर्ण तक	१७	०
वाहुमूल से कर्ण तक	७	०
वक्ष स्थल की चौडाई	२६	०
ग्रीवा के अधोभाग से कर्ण तक	२	६
तर्जनी की लम्वाई	३	६
मध्यमा की लम्वाई	५	३
अनामिका की लम्वाई	४	७
कनिष्ठका की लम्वाई	२	८

: ४ :

गोम्मट-मूर्ति की कुण्डली

श्रीयुत गोविन्द पै के मतानुसार 'श्रवणवेल्गोल' के गोम्मट स्वामी की मूर्ति की स्थापना-तिथि १३ मार्च, सन् ९८१ है। बहुत कुछ सम्भव है कि यह तिथि ही मूर्ति की स्थापना-तिथि हो। क्योकि भारतीय ज्योतिष के अनुसार 'वाहुबलि चरित्र' मे गोम्मट-मूर्ति की स्थापना की जो तिथि, नक्षत्र, लग्न, सवत्सर आदि दिये गये है वे उस तिथि मे अर्थात् १३ मार्च, सन् ९८१ मे ठीक घटित होते है। अतएव इस प्रस्तुत लेख मे उसी तिथि और लग्न के अनुसार उस समय के ग्रह स्फुट करके लग्न-कुण्डली तथा चन्द्रकुण्डली दी जाती है और उस लग्न-कुण्डली का फल भी लिखा जाता है। उस समय का पञ्चाग विवरण इस प्रकार है—

श्रीविक्रम स० १०३८ शकाव्द ९०३ चैत्र शुक्ल पचमी रविवार घटी ५६, पल ५८, रोहिणी नाम नक्षत्र, २२ घटी, १५ पल, तदुपरान्त प्रतिष्ठा के समय मृगशिर नक्षत्र २५ घटी, ४८ पल, आयुष्मान् योग ३४ घटी, ४६ पल इसके वाद प्रतिष्ठा समय मे सौभाग्य योग २१ घटी, ४९ पल।

उस समय की लग्न स्पष्ट १० राशि, २६ अश, ३९ कला और ५७ विकला रही होगी। उसकी षड्वर्ग-शुद्धि इस

१०।२६।३९।५७ लग्न स्पष्ट—इस लग्न मे गृह शनि का हुआ और नवाश स्थिर लग्न अर्थात् वृश्चिक का आठवा है, इसका स्वामी मगल है। अतएव मगल का नवाश हुआ। द्रेष्काण तृतीय तुलाराशि का हुआ जिसका स्वामी शुक्र है। त्रिशाश विषम राशि कुम्भ में चतुर्थ वुघ का हुआ और द्वादशाश ग्यारहवा धनराशि का हुआ जिसका स्वामी गुरु है। इसलिए यह षड्वर्ग वना—


(१) गृह—शनि, (२) होरा—चन्द्र, (३) नवांश—मंगल, (४) त्रिशाश—बुध, (५) द्रेष्काण—शुक्र, (६) द्वादशाश गुरु का हुआ। अव इस वात का विचार करना चाहिए कि षड्वर्ग कैसा है और प्रतिष्ठा मे इसका क्या फल है ? इस षड्वर्ग में चार शुभ ग्रह पदाधिकारी है और दो क्रूर ग्रह। परन्तु दोनो क्रूर ग्रह भी यहा नितात अशुभ नही कहे जा सकते है क्योकि शनि यहा पर उच्च राशि का है। अतएव यह सौम्य ग्रहो के ही समान फल देने वाला है। इसलिए इस षड्वर्ग मे सभी सौम्य ग्रह है, यह प्रतिष्ठा में शुभ है और लग्न भी वलवान है, क्योकि षड्वर्ग की शुद्धि का प्रयोजन केवल लग्न की सवलता अथवा निर्वलता देखने के लिए ही होता है, फलत यह मानना पडेगा कि यह लग्न वहुत ही वलिष्ठ है। जिसका कि फल आगे लिखा जायगा। इस लग्न के अनुसार प्रतिष्ठा का समय सुवह ४ वज कर ३८ मिनट होना चाहिए। क्योकि ये लग्न, नवाशादि ठीक ४ वज कर ३८ मिनट पर ही आते है। उस समय के ग्रह स्पष्ट इस प्रकार रहे होगे।

नवग्रह-स्पष्ट-चक्र


रवि	चन्द्र	भौम	वुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रह
११	१	२	१०	१	०	६	०	६	राशि
२४	२५	७	२	३	५	६	७	७	अंश
४३	४१	२६	५८	११	३६	१३	२१	२१	कला
१४	२५	४८	५१	३१	४२	५९	३७	३७	विकला
५८	७८२	४५	१०८	४	५६	२	३	३	गति
४५	५२	३७	५९	४१	५२	३१	११	११	विगति

यहाँ पर 'ग्रह-लाघव' के अनुसार अहर्गण ४७८ है तथा चक्र ४९ है, करणकुतूहलीय अहर्गण १२३५-९२ मकरन्दीय १६८८३२९ और सूर्यसिद्धान्तीय ७१४४०३९८४९५६ है। परन्तु इस लेख मे ग्रहलाघव के अहर्गण पर से ही ग्रह वनाये गये है और तिथि नक्षत्रादिक के घटचादि भी इसीके अनुसार है।

उस समय की लग्न-कुण्डली



उस समय की चन्द्रकुण्डली



प्रतिष्ठाकर्त्ता के लिए लग्नकुण्डली का फल

सूर्य्य

जिस प्रतिष्ठापक के प्रतिष्ठा-समय द्वितीय स्थान मे सूर्य रहता है, वह पुरुप वडा भाग्यवान् होता है। गौ, घोड़ा और हाथी आदि चौपाये पशुओ का पूर्ण सुख उसे होता है। उसका धन उत्तम कार्यो मे खर्च होता है। लाभ के लिए उसे अधिक चेष्टा नही करनी पडती है। वायु और पित्त से उसके शरीर मे पीडा होती है।

चन्द्रमा का फल

यह लग्न से चतुर्थ है इसलिए केन्द्र में है साथ-ही-साथ उच्च राशि का तथा शुक्लपक्षीय है। इसलिए इसका फल बहुत उत्तम है। प्रतिष्ठाकर्त्ता के लिए इसका फल इस प्रकार हुआ होगा।

चतुर्थ स्थान मे चन्द्रमा रहने से पुरुष राजा के यहॉ सब से वडा अधिकारी रहता है। पुत्र और स्त्रियो का सुख उसे अपूर्व मिलता है। परन्तु यह फल वृद्धावस्था मे वहुत ठीक घटता है। कहा है—

"यदा वन्धुगोवान्धवैरत्रिजन्मा नवद्वारि सर्वाधिकारी सदैव"

इत्यादि—

भौम का फल

यह लग्न से पचम है इसलिए त्रिकोण मे है और पचम मंगल होने से पेट की अग्नि वहुत तेज हो जाती है। उसका मन पाप से विलकुल हट जाता है और यात्रा करने मे उसका मन प्रसन्न रहता है। परन्तु वह चिन्तित रहता है और

वहुत समय तक पुण्य का फल भोग कर अमर कीर्त्ति ससार में फैलाता है।

बुधफल

यह लग्न मे है। इसका फल प्रतिष्ठा-कारक को इस प्रकार रहा होगा—

लग्नस्थ वुध कुम्भ राशि का होकर अन्य ग्रहो के अरिष्टो को नाश करता है और वुद्धि को श्रेष्ठ वनाता है, उसका शरीर सुवर्ण के समान दिव्य होता है और उस पुरुष को वैद्य, शिल्प आदि विद्याओ मे दक्ष वनाता है। प्रतिष्ठा के ८वें वर्ष में शनि और केतु से रोग आदि जो पीडाएँ होती है उनको विनाश करता है।*

गुरुफल

यह लग्न से चतुर्थ है और चतुर्थ वृहस्पति अन्य पाप ग्रहो के अरिष्टो को दूर करता है तथा उस पुरुप के द्वार पर घोडो का हिनहिनाना, वन्दीजनो से स्तुति का होना आदि वाते है। उसका पराक्रम इतना वढता है कि शत्रु लोग भी उसकी सेवा करते है, उसकी कीर्त्ति सर्वत्र फैल जाती है और उसकी आयु को भी वृहस्पति वढाता है। शूरता, सौजन्य, धीरता आदि गुणो की उत्तरोत्तर वृद्धि होती है।†

---

* "वुधो मूर्तिगो मार्जयेदन्यरिष्ट गरिष्ठा वियो वैखरीवृन्निभाज ।
जना दिव्यचामीकरीभूतदेहाश्चिकित्साविदो दुश्चिकित्स्या भवन्ति ॥"
"लग्ने स्थिता जीवेन्दुभार्गववुवा मुखकान्तिदा स्यु ।"

† गृहद्वारत श्रूयने वाजिह्रेषा द्विजोच्चारितो वेदघोषोऽपि तद्वत् ।
प्रतिस्पर्धित कुर्वते पारिचर्य चतुर्थे गुरौ तप्तमन्तर्गतञ्च ॥
—चमत्कारचिन्तामणि

शुक्रफल--

यह लग्न से तृतीय और राहु के साथ है। अतएव इसका फल प्रतिष्ठा के ५वे वर्ष मे सन्तान-सुख को देना सूचित करता है। साथ-ही-साथ उसके मुख से सुन्दर वाणी निकलती है। उसकी वुद्धि सुन्दर होती है। उसका मुख सुन्दर होता है और वस्त्र सुन्दर होते है। मतलब यह है कि इस प्रकार के शुक्र के होने से उस पूजक के सभी कार्य सुन्दर होते है।‡

सुखे जीवे सुखी लोक सुभगो राजपूजित ।
विजातारि कुलाध्यक्षो गुरुभक्तश्च जायते ॥

—लग्नचन्द्रिका

अर्थ—सुख अर्थात् लग्न से चतुर्थ स्थान मे वृहस्पति होवे तो पूजक (प्रतिष्ठाकारक) सुखी, राजा से मान्य, शत्रुओ को जीतनेवाला, कुल-शिरोमणि तथा गुरु का भक्त होता है। विशेष के लिए वृहज्जातक १९ वा अध्याय देखो।

‡ मुख चारुभाप मनीषापि चार्वी मुख चारु चारूणि वासासि तस्य।

—वाराही सहिता

भार्गवे सहजे जातो धनधान्यसुतान्वित ।
नीरोगी राजमान्यश्च प्रतापी चापि जायते ॥

—लग्नचन्द्रिका

अर्थ—शुक्र के तीसरे स्थान में रहने से पूजक धन-धान्य, सन्तान आदि सुखो से युक्त होता है। तथा निरोगी, राजा से मान्य और प्रतापी होता है। वृहज्जातक में भी इसी आशय के कई श्लोक हैं जिनका तात्पर्य यही है जो ऊपर लिखा गया है।

शनिफल

यह लग्न से नवम है और इसके साथ केतु भी है, परन्तु यह तुलाराशि का है। इसलिए उच्च का शनि हुआ अतएव यह धर्म की वृद्धि करनेवाला और शत्रुओ को वश में करता है। क्षत्रियो में मान्य होता है और कवित्व शक्ति, धार्मिक कार्यों में रुचि, ज्ञान की वृद्धि आदि शुभ चिह्न धर्मस्थ उच्च शनि के है।

राहु फल

यह लग्न से तृतीय है अतएव शुभग्रह के समान फल का देनेवाला है। प्रतिष्ठासमय राहु तृतीय स्थान मे होने से, हाथी या सिंह पराक्रम में उसकी बराबरी नही कर सकते, जगत् उस पुरुष का सहोदर भाई के समान हो जाता है। तत्काल ही उसका भाग्योदय होता है। भाग्योदय के लिए उसे प्रयत्न नही करना पडता है।*

केतु का फल

यह लग्न से नवम मे है अर्थात् धर्म-भाव मे है। इसके होने से क्लेश का नाश होना, पुत्र की प्राप्ति होना, दान देना, इमारत बनाना, प्रशसनीय कार्य करना आदि बाते होती हैं।

---

*न नागोऽथ सिंहो भुजो विक्रमेण प्रयातीह सिंहीसुते तत्समत्वम्।
विद्याधर्मधनैर्युक्तो बहुभाषी च भाग्यवान्॥ इत्यादि

अर्थ—जिस प्रतिष्ठाकारक के तृतीय स्थान मे राहु होने से उसके विद्या, धर्म, धन और भाग्य उसी समय से वृद्धि को प्राप्त होते है। वह उत्तम वक्ता होता है।

अन्यत्र भी कहा है—†

"शिखी धर्मभावे यदा क्लेशनाश.

सुतार्थी भवेन्म्लेच्छतो भाग्यवृद्धि ।" इत्यादि

मूर्ति और दर्शको के लिए तत्कालीन ग्रहों का फल—

मूर्ति के लिए फल तत्कालीन चन्द्रकुण्डली से कहा जाता है। दूसरा प्रकार यह भी है कि चर स्थिरादि लग्न नवाश और त्रिशाश से भी मूर्ति का फल कहा गया है।

लग्न, नवांशादि का फल

लग्न स्थिर है और नवाश भी स्थिर राशि का है तथा त्रिशाशादिक भी षड्वर्ग के अनुसार शुभ ग्रहो के है। अत-एव मूर्ति का स्थिर रहना और भूकम्प, विजली आदि महान् उत्पातो से मूर्ति को रक्षित रखना सूचित करते है। चोर, डाकू आदि का भय नही हो सकता। दिन प्रतिदिन मनोज्ञता वढती है और चामत्कारिक शक्ति अधिक आती है। वहुत काल तक सव विघ्न-वाधाओ से रहित हो कर उस स्थान की प्रतिष्ठा को वढाती है। विधर्मियो का आक्रमण नही हो सकता

---

†एकोऽपि जीवो वलवास्तनुस्थ मितोऽपि सौम्योऽप्यथवा वली चेत् ।
दोषानशेषान्विनिहति सद्य स्कदो यथा तारकदैत्यवर्गम् ॥

गुणाधिकतरे लग्ने दोषेऽत्यल्पतरे यदि ।
सुराणा स्थापनं तत्र कर्तुरिष्टार्थसिद्धिदम् ॥

भावार्थ—इस लग्न में गुण अधिक है और दोष वहुत कम हैं अर्थात् नही के वरावर है। अतएव यह लग्न सम्पूर्ण अरिष्टो को नाश करने वाला और श्रीचामुण्डराय के लिए सम्पूर्ण अभीष्ट अर्थों को देनेवाला सिद्ध हुआ होगा।

और राजा, महाराजा, सभी उस मूर्ति का पूजन करते है। सब ही जन-समुदाय उस पुण्य-शाली मूर्ति को मानता है और उसकी कीर्त्ति सब दिशाओ में फैल जाती है आदि शुभ बाते नवाश और लग्न से जानी जाती है।

चन्द्रकुण्डली के अनुसार फल

वृष राशि का चन्द्रमा है और यह उच्च का है तथा चन्द्रराशीश चन्द्रमा से बारहवा है और गुरु चन्द्र के साथ मे है तथा चन्द्रमा से द्वितीय मगल और दसवे बुध तथा बारहवे शुक्र है। अतएव गृहाध्याय के अनुसार गृह 'चिरजीवी' योग होता है। इसका फल मूर्त्ति को चिरकाल तक स्थायी रहना है। कोई भी उत्पात मूर्ति को हानि नही पहुचा सकता है। परन्तु ग्रह स्पष्ट के अनुसार तात्कालिक लग्न से जब आयु बनाते है तो परमायु तीन हजार सात सौ उन्नीस वर्ष, ग्यारह महीने और १९ दिन आते है।

मूर्ति के लिए कुण्डली तथा चन्द्रकुण्डली का फल उत्तम है और अनेक चमत्कार वहाँ पर हमेशा होते रहेगे। भयभीत मनुष्य भी उस स्थान मे पहुच कर निर्भय हो जायगा।

इस चन्द्रकुण्डली मे 'डिम्भाख्य' योग है। उसका फल भी अनेक उपद्रवो से रक्षा करना तथा प्रतिष्ठा को बढाना है। कई अन्य योग भी है किन्तु विशेष महत्त्वपूर्ण न होने से नाम नही दिये है।

प्रतिष्टा के समय उपस्थित लोगो के लिए भी इसका उत्तम फल रहा होगा। इस मुहूर्त मे बाण पचक अर्थात् रोग, चोर, अग्नि, राज, मृत्यु इनमे से कोई भी बाण नही है। अत

उपस्थित सज्जनो को किसी भी प्रकार का कष्ट नही हुआ होगा। सबको अपार सुख एव शान्ति मिली होगी।

इन लग्न, नवाश, षड्वर्गादिक मे ज्योतिष-शास्त्र की दृष्टि से कोई भी दोष नही है प्रत्युत अनेक महत्त्वपूर्ण गुण मौजूद है। इससे सिद्ध होता है कि प्राचीन काल मे लोग मुहूर्त, लग्नादिक के शुभाशुभ का बहुत विचार करते थे। परन्तु आज-कल की प्रतिष्ठाओ में मनचाहा लग्न तथा मुहूर्त ले लेते है जिससे अनेक उपद्रवो का सामना करना पडता है। ज्योतिष-शास्त्र का फल असत्य नही कहा जा सकता, क्योकि काल का प्रभाव प्रत्येक वस्तु पर पडता है और काल की निष्पत्ति ज्योतिष-देवो से ही होती है। इसलिए ज्योतिष-शास्त्र का फल गणितागत बिल्कुल सत्य है। अतएव प्रत्येक प्रतिष्ठा मे पञ्चाङ्ग-शुद्धि के अतिरिक्त लग्न, नवाश, षड्वर्गादिक का भी सूक्ष्म विचार करना अत्यन्त जरूरी है।

: ५ :

महामस्तकाभिषेक

श्री गोम्मटेश्वर का महामस्तकाभिषेक कुछ वर्षो के अन्तराय से बडी धूमधाम, बहुत क्रियाकाण्ड और भारी द्रव्यव्यय से होता है। सन् १५०० के शिलालेख न २३१ मे इसका जो वर्णन है उसमें अभिषेक करानेवाले आचार्य, शिल्पकार, बढई, और अन्य कर्मचारियो के पारिश्रमिक का ब्यौरा है तथा दुग्ध और दही का भी खर्चा लिखा है। सन् १३९८ के शिलालेख न. २५४ (१०५) में लिखा है कि पण्डितार्य ने गोम्मटेश्वर का ७ बार मस्तकाभिषेक कराया था। पञ्चबाण कवि ने सन् १६१२ ई० में शान्ति वर्णी द्वारा कराये हुए मस्तकाभिषेक का उल्लेख किया है व अनन्त कवि ने सन् १६७७ मे मैसूर नरेश चिक्कदेवराज ओडेयर के मन्त्री विशालाक्ष पडित द्वारा कराये हुए और शान्तराज पंडित ने सन् १८२५ के लगभग मैसूर नरेश कृष्णराज ओडेयर तृतीय द्वारा कराये हुए मस्तकाभिषेक का उल्लेख किया है। शिलालेख न २२३ (९८) मे सन् १८२७ मे होनेवाले मस्तकाभिषेक का उल्लेख है। सन् १९०९ मे भी मस्तकाभिषेक हुआ था। मार्च सन् १९२५ मे भी मस्तकाभिषेक हुआ था, जिसे मैसूर नरेश महाराजा कृष्णराजबहादुर ने अपनी तरफ से कराया था। महाराजा ने अभिषेक के लिए ५०००) रु० प्रदान किये, उन्होने स्वय गोम्मटस्वामी की प्रदक्षिणा की, नमस्कार किया तथा द्रव्य से पूजन की।

सवसे अन्तिम वार गोम्मटस्वामी का महामस्तकाभिषेक सन् १९४० मे हुआ था। इसमे दूध, दही, केला, पुष्प, नारियल का चूरा, घृत, चदन, सर्वोपधि, इक्षुरस, लाल चदन, वादाम, खारक, गुड, शक्कर, खसखस आदि वस्तुओ से और जल से अभिषेक कराया गया।

१. परकोटा और उसमें मूर्तियां

चामुण्डराय ने जब मूर्ति का निर्माण कराया, इसके चारो ओर कुछ न था। पश्चात् होय्यसल नरेश विष्णुवर्द्धन के सेनापति गङ्गराज ने मूर्ति की रक्षा के लिए एक परकोटा वनवाना आवश्यक समझा। इस परकोटे का निर्माण संभवत सन् १११७ ई० के लगभग हुआ।

परकोटे के भीतर मण्डपों मे ४३ जिन-विम्व निम्न प्रकार है। चन्द्रप्रभु व एक अन्तिम अज्ञात मूर्ति को छोडकर वाकी मूर्तियो पर लेख है।

परकोटे के द्वार पर दोनो ओर छ. छ फुट ऊचें द्वारपाल है। वाहर गोम्मटेश्वर के ठीक सामने छ फुट की ऊचाई पर ब्रह्मदेव स्तम्भ है। इसमे ब्रह्मदेव की पद्मासन मूर्ति है। ऊपर गुमटी है। स्तम्भ के नीचे पाच फुट ऊची गुलकायज्जि की मूर्ति है।

	नाम प्रतिमा	ऊंचाई फुट		नाम प्रतिमा	ऊंचाई फुट
१	कुष्माण्डिनी-पद्मासन	३ ,,	५	ऋषभदेव	५ ,,
२	चन्द्रप्रभु-खड्गासन	३½ ,,	६	नेमनाथ	५ ,,
३	पार्श्वनाथ	५ ,,	७	अजितनाथ	४½ ,,
४	शातिनाथ	४½ ,,	८	वासुपूज्य	४½ ,,

९ विमलनाथ ४ ,,
१० अनन्तनाथ ४ ,,
११ नमिनाथ ४ ,,
१२ सभवनाथ ४ ,,
१३ सुपार्श्वनाथ ४ ,,
१४ पार्श्वनाथ ६ ,,
१५ सभवनाथ ४½ ,,
१६ शीतलनाथ ४ ,,
१७ अभिनन्दननाथ ४ ,,
१८ चन्द्रप्रभु ४ ,,
१९ पुष्पदंत ४ ,,
२० मुनिसुव्रतनाथ ४ ,,
२१ श्रेयांशनाथ ४ ,,
२२ विमलनाथ ४ ,,
२३ कुंथनाथ ३ ,,
२४ धर्मनाथ ४ ,,
२५ नेमिनाथ ४ ,,
२६ अभिनन्दननाथ ४ ,,
२७ शातिनाथ ४ ,,
२८ अरनाथ ५ ,,
२९ मल्लिनाथ ५ ,,
३० मुनिसुव्रतनाथ ५ ,,
३१ पार्श्वनाथ ६ ,,
३२ शीतलनाथ ४ ,,
३३ पुष्पदन्त ४ ,,
३४ पार्श्वनाथ ४ ,,
३५ अजितनाथ ४ ,,
३६ सुमतिनाथ ४ ,,
३७ वर्द्धमान ४ ,,
३८ शांतिनाथ ४ ,,
३९ मल्लिनाथ ४ ,,
४० कूष्मांडिनी १½ ,,
४१ बाहुवली ६ ,,
४२ चन्द्रप्रभु ३ ,,
४३ अज्ञात

दो मूर्तियो को छोडकर शेष सब नयकीर्ति सिद्धान्तदेव तथा उनके शिष्य बालचन्द्र अध्यात्मि के समय की है।

२. सिद्धरबस्ति

इस मन्दिर में एक ३ फुट ऊची पद्मासन सिद्धभगवान की प्रतिमा है। मूर्ति के दोनो ओर ६ फुट ऊंचे स्तम्भ है। दाहिनी

ओर वाले स्तम्भ में कवि अरहदास का बनाया हुआ सस्कृत मे पडितार्य के समाधिमरण-सम्बधी शिलालेख है। इसी स्तम्भ के नीचे के भाग मे एक आचार्य अपने शिष्य को उपदेश देते हुए दिखाये गए है। दूसरे स्तम्भ मे आचार्य श्रुतमुनि के समाधिमरण का शिलालेख है।

३. अखण्ड बागिलु

कन्नड मे बागिलु का अर्थ दरवाजा है। यह दरवाजा एक अखण्ड शिला को काट कर बनाया गया है। ऊपर के भाग मे बहुत ही सुन्दर कारीगरी है। दरवाजे के ऊपर दो हाथी लक्ष्मी पर जल-कलश ढुरा रहे है। दरवाजे के दाईं ओर बाहुबली और बाई ओर भरत की मूर्तियां है। ये दोनो ही मूर्तिया दरवाजे की शोभा बढाने के लिए सन् ११३० ई० मे गण्डविमुक्त सिद्धान्तदेव के शिष्य दण्डनायक भरतेश्वर ने प्रतिष्ठित कराई थी। दरवाजे की सीढियां भी उन्होने बनवाईं थी।

४. सिद्धरगुण्डु

अखण्ड बागिलु के दाईं ओर एक वृहत् शिला है, जिसे सिद्धरगुण्डु कहते है। इसे सिद्धशिला भी कहते है। इस शिला पर कई लेख है। ऊपर के भाग में कई पक्तियो मे आचार्यों की चित्रावली है। कई चित्रो के नीचे आचार्यों के नाम भी दिये है।

५. गुल कायज्जिबागिलु

इस दरवाजे पर जो एक बैठी हुई स्त्री की मूर्ति के नीचे शिलालेख है, उससे मालूम होता है कि वह चित्र मल्लिसेहि

की पुत्री का है। यह चित्र उसके स्मारक के रूप में बनाया है। लेकिन कुछ लोग इस दरवाज़े को उस भव्य महिला गुल्लकायज्जि से सबधित करते है, जिसके एक कटोरी दुग्ध से भगवान बाहुवली की मूर्ति का मस्तकाभिषेक हुआ था।

६. त्यागदब्रह्मदेव स्तम्भ

यह खचित स्तम्भ कला की दृष्टि से दर्शनीय है। यह ऊपर से इस प्रकार लटकाया गया है कि इसके नीचे से रूमाल निकाला जा सकता है। स्तम्भ पर खुदे हुए शिलालेख मे चामुण्डराय की वीरता और उसकी विजय का वर्णन है। इस लेख का बहुत-सा भाग स्तम्भ के तीन तरफ एक व्यक्ति हेग्गँडे कण्न ने अपना लेख लिखवाने के लिए घिसवा डाला। यदि यह लेख पूरा होता तो सम्भवत उससे गोम्मटेश्वर की स्थापना का ठीक समय मालूम हो जाता। स्तम्भ की पीठिका के दक्षिण वाजू पर चामुण्डराय की मूर्ति है जिस पर चवरवाही खड़े हुए है। सामनेवाली मूर्ति आचार्य नेमचन्द्र की कही जाती है। इस स्तम्भ को चागद कँव भी कहते है, यहा पर दान दिया जाता था, इसलिए भी इसको त्यागद स्तम्भ कहते है।

७. चेन्नण्ण बस्ति

यह मन्दिर त्यागद ब्रह्मदेव स्तम्भ से पश्चिम की ओर थोड़ी दूरी पर है। इसमे एक गर्भगृह, एक ड्योढी और एक वरामदा है। २½ फुट ऊंची चन्द्रप्रभु भगवान की मूर्ति है। सामने एक मानस्तम्भ है। वरामदे के दो खभो पर क्रमश एक स्त्री और एक पुरुष की मूर्ति खुदी हुई है। ये मूर्तिया चेन्नण्ण और

उनकी स्त्री की मालूम होती है। मदिर के उत्तर-पूर्व मे और दो कुण्डो के वीच मे एक मण्डप वना हुआ है।

८. ओदेगल बस्ति


इस मन्दिर मे तीन गर्भगृह है, इसलिए इसे त्रिकूट वस्ति भी कहते है। यह चन्द्रगिरि पर्वत की शान्तेश्वर बस्ति के समान ऊची भूमि पर है। ऊपर जाने के लिए सीढिया है। दीवारो की मजबूती के लिए इसमे पाषाण के आधार है। बीच की गुफा मे आदिनाथ की, दाई गुफा मे शान्तिनाथ की और वाई गुफा मे नेमिनाथ की पद्मासन मूर्तिया है। इस बस्ति के पश्चिम की ओर चट्टान पर २७ लेख नागरी अक्षरो मे अकित है जिनमे प्राय तीर्थयात्रियो के नाम दिये हुए है।

९. चौबीस तीर्थङ्कर बस्ति

इस मदिर मे २½ फुट ऊचे पाषाण पर २४ तीर्थङ्करो की मूर्तिया उत्कीर्ण है। नीचे एक पक्ति मे तीन बडी मूर्तिया है। उनके ऊपर प्रभावली के आकार मे २१ अन्य छोटी मूर्तिया है।

१०. ब्रह्मदेव मंदिर

यह विन्ध्यगिरि के नीचे सीढियो के समीप छोटा-सा देवालय है। इसमे सिन्दूर से रगा हुआ एक पाषाण है, जिसे लोग 'जारुगुप्पे अप्प' भी कहते है। इस मदिर को हिरिसालि के गिरिगौड के कनिष्ठ भ्राता रङ्गय्य ने सम्भवत सन् १६७९ ई० मे वनवाया था।



चन्द्रगिरि के मन्दिर

: ६ :

चन्द्रगिरि के मंदिर

यह छोटी पहाडी समुद्रतट से ३०५२ फुट है। इसे चिक्क-वेट और चन्द्रगिरि भी कहते है। पुराने शिलालेखो मे इसे कटवप्र और कन्नड़ मे कलवप्पु भी कहा गया है। यह पहाड़ी तीर्थगिरि और ऋपिगिरि के नाम से भी प्रसिद्ध रही है। यही वह पवित्र पहाडी है जिस पर अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहुस्वामी ने अपना मरण निकट जानकर तपश्चरण का अन्तिम आधार संन्यासमरण किया। यही सम्राट् चन्द्रगुप्त ने उनकी परिचर्या की और अपना भी शेष जीवन इसी पहाडी पर विताया।

इस देवमन्दिर को छोड कर इस पर्वत पर शेष मदिर सव एक ५०० फुट लम्वी और २२५ फुट चौडी दीवार के घेरे के अन्दर है। समस्त मन्दिर द्राविडी ढग के वने हुए है।

चन्द्रगिरि पर्वत पर के अधिकाश प्राचीनतम शिलालेख या तो पार्श्वनाथ वस्ति के दक्षिण की शिला पर उत्कीर्ण है या उस शिला पर जो शासन वस्ति और चामुण्डराय वस्ति के सन्मुख है।

१. शांतिनाथ बस्ति

यह मन्दिर २४ फुट लम्वा और १६ फुट चौड़ा है। इसमे एक गर्भगृह, एक सुखनासि और एक ड्योढी है। इसकी

दीवारों और छत पर कभी अच्छी चित्रकारी बनी हुई थी जिसके निशान अब भी बाकी है। इसमे १६वें तीर्थङ्कर भगवान् शातिनाथ की ११ फुट ऊची खड्गासन मूर्ति है।

२. सुपार्श्वनाथ बस्ति

यह मन्दिर २५ फुट लम्बा और १४ फुट चौडा है। इसमे ७ वे तीर्थङ्कर भगवान सुपार्श्वनाथ की ३ फुट ऊची पद्मासन प्रतिमा है। मूर्त्ति पर सप्तफणी नाग की छाया हो रही है।

३. पार्श्वनाथ बस्ति

यह मन्दिर ५९ फुट लम्बा और २९ फुट चौडा है। इसमें एक गर्भगृह, एक सुखनासि, एक नवरङ्ग और एक ड्योढी है। वास्तुकला की दृष्टि से यह मन्दिर मनोहर है। दरवाज़े विशाल है। नवरङ्ग और सामने की ड्योढी की ओर बरामदे बने हुए है। बाहर की दीवारे खम्भो और छोटी-छोटी गुम्मटो से सजी हुई है।

इसमे २३वे तीर्थङ्कर भगवान् पार्श्वनाथ की १५ फुट ऊची विशाल और मनोज्ञ प्रतिमा है, जिस पर सप्तफणी नाग की छाया है। चन्द्रगिरि पर यही सबसे बड़ी मूर्ति है। मन्दिर के सामने मानस्तम्भ है जिसके चारो ओर यक्ष-यक्षणियो की मूर्तियाँ उत्कीर्ण है। नवरग में एक शिलालेख मे सन् ११२९ ई० में मल्लिषेण मलधारि के समाधिमरण का वर्णन है। यहा का मानस्तम्भ मैसूर के नरेश चिक्कदेवराज ओडेयर के समय मे (सन् १६७२–१७०४) पुट्टेय नामक एक सेठ ने बनवाया था।

४. कत्तले बस्ति

यह मन्दिर १२४ फुट लम्वा और ४० फुट चौडा है। चन्द्रगिरि पर यह सवसे वडा मन्दिर है। गर्भगृह के चारो ओर प्रदक्षिणा है। नवरग से मिला हुआ एक सभा-भवन भी है और एक वाहरी वरामदा भी। वाहरी ऊची दीवार के कारण इस मन्दिर मे अन्धेरा रहता है। इसलिए इस मन्दिर का नाम कत्तले वस्ति (अन्धेरेवाला मन्दिर) पडा है। वरामदे में पद्मावती की मूर्ति है। इसीसे इसे पद्मावती बस्ति भी कहते है। इस मन्दिर मे प्रथम तीर्थङ्कर भगवान् ऋषभ-देव की ६ फुट ऊंची मनोहर प्रतिमा है। दोनो वाजुओ पर दो चौरीवाहक खडे हुए है। मन्दिर के ऊपर का दूसरा खंड जीर्ण अवस्था में होने के कारण वन्द कर दिया गया है। यह मन्दिर होय्सल नरेग विष्णुवर्द्धन के सेनापति गङ्गराज ने अपनी मातुश्री पोचव्वे के हेतु सन् १११८ ई० के लगभग निर्माण कराया था।

५. चन्द्रगुप्त बस्ति

यह मन्दिर २२ फुट लम्वा और १६ फुट चौडा है। चन्द्रगिरि पर यह सवसे छोटा मन्दिर है। इसमे लगातार ३ कोठे है। सामने वरामदा है। वीच के कोठे मे २३वें तीर्थङ्कर भगवान् पार्श्वनाथ की मूर्ति है। दाएं कोठे में पद्मावती की और वाये मे कूष्माडिनी की मूर्ति है। वरामदे के दायें ओर यक्ष और वायें ओर सर्वाह्णयक्ष की मूर्ति है। वरामदे के सामने के दरवाज़े की कारीगरी देखने योग्य है। घेरे के पत्थरो पर जाली का काम है। ~~ऊपर श्रुतकेवली~~

भद्रवाहु और मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त के कुछ दृश्य खुदे हुए है। यह अपूर्व कौशल का नमूना है ।

यह वह पवित्र मन्दिर है जिसे स्वय महाराज चन्द्रगुप्त ने वनवाया था । इसी मन्दिर पर चामुण्डराय को स्वप्न आया था कि यदि तुम सामनेवाले पहाड पर एक स्वर्णवाण छोड़ो तो वाहुवली तुम्हे यही दर्शन देगे ।

६. चन्द्रप्रभु बस्ति

यह मन्दिर ४२ फुट लम्वा और २५ फुट चौडा है। ८ वे तीर्थङ्कर चन्द्रप्रभु भगवान् की ३ फुट ऊँची पद्मासन मूर्ति है । इस मन्दिर मे एक सुखनासि, गर्भगृह , नवरङ्ग और एक ड्योढ़ी है । सुखनासि मे उक्त तीर्थङ्कर के यक्ष और यक्षिणी श्याम और ज्वालामालिनी विराजमान है । यह मन्दिर संभवत. सन् ८०० ईस्वी का बना हुआ है ।

७. चामुण्डराय बस्ति

यह मन्दिर ६८ फुट लम्वा और ६६ फुट चौड़ा है। वनावट और सजावट की दृष्टि से इस पहाड पर यह सबसे वडा मन्दिर है। इसमे एक गर्भगृह, एक सुखनासि और एक नवरङ्ग है। इसपर दूसरा खण्ड और गुम्मट भी है। इसमें नेमिनाथ भगवान् की ५ फुट ऊंची मनोहर प्रतिमा है । वाहरी दीवारे स्तम्भो, आलो और उत्कीर्ण प्रतिमाओ से अलकृत है । यह मन्दिर गङ्गनरेश राचमल्ल के मत्री चामुण्डराय ने निर्माण कराया था । मन्दिर के ऊपर के खण्ड में एक पार्श्वनाथ भगवान् की तीन फुट ऊँची मूर्ति है ।

८. शासन बस्ति

यह मन्दिर ५५ फुट लम्वा और २६ फुट चौडा है। इसमे एक गर्भगृह, एक सुखनासि और एक नवरङ्ग है। इसमे भगवान् आदिनाथ की ५ फुट ऊची प्रतिमा है। मूर्ति के दोनो ओर चौरीवाहक खडे हुए है। सुखनासि मे गोमुख यक्ष और चक्रेश्वरी यक्षिणी की प्रतिमा है। बाहरी दीवारो मे स्तभो और आलो की सजावट है। कही-कही प्रतिमाए भी उत्कीर्ण है।

९. मज्जिगण बस्ति

यह मन्दिर ३२ फुट लम्वा और १९ फुट चौडा है। इसमे एक गर्भगृह, एक सुखनासि और एक नवरङ्ग है। इस मन्दिर में ३½ फुट ऊची १४वे तीर्थङ्कर भगवान् अनन्तनाथ की प्रतिमा है। घेरे की दीवारो के वाहर फूलदार चित्रकारी है।

१०. एरडुकट्टे बस्ति

यह मन्दिर ५५ फुट लम्वा और २६ फुट चौडा है। इसमे ५ फुट ऊची भगवान् आदिनाथ की प्रतिमा है। गर्भगृह के वाहर सुखनासि में यक्ष और यक्षिणी की मूर्तिया है।

११. सवतिगन्धवारण बस्ति

यह मन्दिर ६९ फुट लम्बा और ३५ फुट चौडा है। इस मन्दिर को विष्णुवर्द्धन नरेश की रानी शान्तलदेवी ने सन् ११२३ मे वनवाया था। शान्तलदेवी को 'सवतिगन्धवारण' (सौतो के लिए मत्त हाथी) भी कहते थे। इस विशाल मन्दिर में भगवान् शातिनाथ की मूर्ति प्रभावली सयुक्त पाच फुट ऊची है। सुखनासि मे किम्पुरुष यक्ष और महामानसि यक्षिणी की मूर्तिया है। गर्भगृह के ऊपर एक सुन्दर गुम्मट है।

१२. तेरिन बस्ति

यह मन्दिर ७० फुट लम्बा और २६ फुट चौडा है। इस मन्दिर के सन्मुख एक रथ (तेरु) के आकार की इमारत बनी हुई है। इसीसे इसका नाम तेरिन बस्ति पडा है। इसमे ५ फुट ऊची भगवान बाहुवली की मूर्ति है। सामने के रथाकार मन्दिर पर चारो ओर ५२ जिनमूर्तिया खुदी हुई है। इसको नन्दीश्वर मन्दिर कहा जाता है।

१३. शान्तीश्वर बस्ति

यह मन्दिर ५६ फुट लम्बा और ३० फुट चौडा है। इसमे एक गर्भगृह, एक सुखनासि और एक नवरङ्ग है। यह मन्दिर ऊची भूमि पर बना हुआ है। गुम्मट पर अच्छी कारीगरी है। गर्भगृह के वाहर यक्ष-यक्षिणी की मूर्तिया है। पीछे की दीवार के मध्यभाग मे जो आला है, उसमे एक खड्गासन जिनमूर्ति उत्कीर्ण है।

१४. कूगे ब्रह्मदेव स्तम्भ

यह विशाल स्तम्भ चन्द्रगिरि पर्वत पर घेरे के दक्षिणी द्वार पर प्रतिष्ठित है। इसके शिखर पर पूर्वमुखी ब्रह्मदेव की छोटी-सी पद्मासन मूर्ति है। इसकी पीठिका आठो दिशाओ मे आठ हस्तियो पर प्रतिष्ठित रही है, किन्तु अव थोडे-से ही हाथी रह गए है।

१५. महानवमीमण्डप

कत्तले बस्ति के गर्भगृह के दक्षिण की ओर दो सुन्दर पूर्व-मुख चतु:स्तम्भ मण्डप बने हुए है। दोनो के मध्य मे एक-एक लेखयुक्त स्तम्भ है। उत्तर की ओर के मण्डप के स्तम्भ

की बनावट बहुत सुन्दर है । उसका गुम्मटाकार शिखर भी दर्शनीय है। उसपर नयकीर्ति आचार्य के समाधिमरण का उल्लेख है।

१६. भरतेश्वर

महानवमी मण्डप से पश्चिम की ओर इमारत के समीप बाहुबली के बडे भाई भरतेश्वर की ९ फुट ऊची मूर्ति है। यह मूर्ति एक भारी चट्टान मे घुटनो तक खोदकर अपूर्ण छोड दी गई है ।

१७. इरूवे ब्रह्मदेव मन्दिर

यह मन्दिर घेरे के बाहर है। यहा ब्रह्मदेव की मूर्ति है। सामनेवाली चट्टान पर जिन-प्रतिमाए, हाथी, स्तम्भ आदि खुदे हुए हैं।

१८. कञ्चिनदोणे

इरूवे ब्रह्मदेव मन्दिर के उत्तर-पश्चिम मे एक चौकोर घेरे के भीतर चट्टान मे एक कुण्ड है। यही कञ्चिनदोणे कहलाता है।

१९. लक्कि दोणे

यह एक दूसरा कुण्ड घेरे से पूर्व की ओर है। कुण्ड से पश्चिम की ओर चट्टान पर जो लेख है, उनमें जैन आचार्यों, कवियो और राजपुरुषो के नाम है।

२०. भद्रबाहु की गुफा

इस गुफा मे अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहुस्वामी के चरण है।

: ७ :

श्रवणबेल्गोल नगर

श्रवणवेल्गोल चन्द्रगिरि और विन्ध्यगिरि के वीच मे बसा हुआ है । यहाँ के प्राचीन स्मारक इस प्रकार है—

१. भण्डारि बस्ति

यह श्रवणबेल्गोल का सबसे वडा मन्दिर है । इसकी लम्बाई-चौडाई २६६×७७ फुट है । इसमे एक गर्भगृह मे एक सुन्दर चित्रमय वेदी पर चौबीस तीर्थङ्करो की तीन-तीन फुट ऊची मूर्तियाँ है । इसीसे इसे चौबीस तीर्थङ्कर वस्ति भी कहते है । वस्ति के सम्मुख एक पाषाणनिर्मित सुन्दर मानस्तम्भ है ।

२. अक्कन बस्ति

नगर भर मे यही वस्ति होय्यसल शिल्पकला का एकमात्र नमूना है । इस सुन्दर भवन मे गर्भगृह, सुखनासि, नवरङ्ग और मुखमण्डप है । गर्भगृह मे सप्तफणी पार्श्वनाथ की पाँच फुट ऊची भव्य मूर्ति है । गर्भगृह के दरवाज़े पर वड़ा अच्छा खुदाई का काम है । नवरङ्ग के चार काले स्तम्भ, जो आइने के सदृश चमकीले है, और कला-कौशलपूर्ण नव-छत्र वडे ही सुन्दर है, मन्दिर के गुम्मट अनेक प्रकार की जिन-मूर्त्तियो से चित्रित है, शिखर पर सिंहल लाट है । यह वस्ति होय्सल नरेश वल्ला(द्वितीय) के ब्राह्मण मंत्री चद्रमौलि

की जैनधर्मावलम्बिनी भार्या आचियक्क ने निर्माण कराई थी। 'अक्कन' आचियक्कन का ही संक्षिप्त रूप है इसीसे इसे 'अक्कन बस्ति' कहते हैं।

३. सिद्धान्त बस्ति

यह बस्ति अक्कन बस्ति के पश्चिम की ओर है। किसी समय जैन सिद्धान्त के समस्त ग्रंथ इसी बस्ति के एक बन्द कमरे में रखे जाते थे। इसीसे इसका नाम सिद्धान्तबस्ति पड़ा। इसमें एक पाषाण पर चतुर्विंशति तीर्थङ्करो की प्रतिमाएं है। बीच मे पार्श्वनाथ भगवान् की प्रतिमा है और उनके आसपास शेष तीर्थङ्करो की।

४. दानशाले बस्ति

यह छोटा-सा देवालय अक्कन बस्ति के द्वार के पास ही है। इसमें एक तीन फुट ऊँचे पाषाण पर पचपरमेष्ठी की प्रतिमाएं है। यहाँ पहले दान दिया जाता रहा होगा। इसीसे यह नाम पडा है।

५. नगरजिनालय

इस भवन मे गर्भगृह, सुखनासि और नवरङ्ग है। इसमें आदिनाथ की प्रभावलिसयुक्त अढाई फुट ऊँची मूर्ति है। नवरग की बाईं ओर एक गुफा मे दो फुट ऊँची ब्रह्मदेव की मूर्ति है जिसके दायें हाथ मे कोई फल और बाये हाथ मे कोडे के आकार की कोई चीज़ है। पैरो मे खड़ाऊँ है। पीठिका पर घोड़े का चिह्न बना हुआ है। नगर के महाजनो द्वारा ही इसकी रक्षा होती थी इसीसे इसका नाम नगरजिनालय पड़ा।

६. मङ्गायि बस्ति

इसमें गर्भगृह, सुखनासि और नवरग है । इसमे एक साढे चार फुट ऊँची शान्तिनाथ की मूर्ति विराजमान है । सुखनासि के द्वार पर आजू-बाजू पाँच फुट ऊँची चँवरवाहियो की मूर्तियाँ है । नवरग मे वर्द्धमान स्वामी की मूर्त्ति है ।

७. जैन मठ

यह यहाँ के गुरु का निवास-स्थान है । इमारत बहुत सुन्दर है । वीच में खुला हुआ आँगन है । यहाॅ के तीन गर्भगृहो मे अनेक पाषाण और धातु की मूर्तियाँ है । नवदेवता विम्व मे पचपरमेष्ठी के अतिरिक्त जिनधर्म, जिनागम, चैत्य और चैत्यालय भी चित्रित हैं । मठ की दीवारो पर तीर्थङ्करो व जैन राजाओ के जीवन की घटनाओ के अनेक रगीन चित्र है । पार्श्वनाथ के समवसरण व भरत चक्रवर्ती के जीवन के चित्र भी दर्शनीय है । चार चित्र नागकुमार की जीवन घटनाओ के हैं । ऊपर की मज़िल में पार्श्वनाथ की मूर्ति है और एक काले पाषाण पर चतुर्विंशति तीर्थङ्कर खचित है ।

८. कल्याणि

यह नगर के बीच के एक छोटे-से सरोवर का नाम है । इसके चारो ओर सीढियाँ और दीवाल है । दीवाल के दरवाज़े शिखरबद्ध है । अनन्त-कवि-कृत गोम्मटेश्वरचरित में उल्लेख है कि चिक्क देवराज ने अपने टकसाल के अध्यक्ष अण्णप्प की प्रार्थना से 'कल्याणि' का निर्माण कराया ।

९. जक्कि कट्टे

यह भण्डारि वस्ति के दक्षिण मे एक छोटा-सा सरोवर है। इसके पास की दो चट्टानो पर जैन-प्रतिमाओ के नीचे दो लेख है।

१०. चेन्नण्ण का कुण्ड

नगर के दक्षिण की ओर कुछ दूरी पर यह कुण्ड है। इसका निर्माता चेन्नण्ण वस्ति का निर्माता चेन्नण्ण है।

: ८ :

निकटवर्ति-ग्राम

जिननाथपुर

यह श्रवणवेल्गोल से एक मील उत्तर की ओर है। (शातिनाथवस्ति) यहाँ की शान्तिनाथबस्ति होय्सल-शिल्प-कला का वहुत सुन्दर नमूना है। शातिनाथ की साढ़े पाँच फुट ऊची मूर्त्ति वड़ी भव्य और दर्शनीय है। यह वस्ति मैसूर राज्य भर के जैन-मन्दिरो में सवसे अधिक आभूषित है।

अरेगलबस्ति

ग्राम के पूर्व में अरेगलवस्ति नाम का एक दूसरा मन्दिर है। यह शातिनाथवस्ति से भी पुराना है। इसमे पार्श्वनाथ भगवान् की सप्तफणी, प्रभावलीसयुक्त पाँच फुट ऊची पद्मासन मूर्त्ति है। एक चट्टान (अरेगल) के ऊपर निर्मित होने से ही यह मन्दिर अरेगलवस्ति कहलाता है। मदिर में चतुर्विंशति तीर्थङ्कर, पचपरमेष्ठी, नवदेवता, नन्दीश्वर आदि की धातुनिर्मित मूर्त्तियां भी है। ग्राम की नैऋत दिशा में एक समाधिमण्डप है। इसे शिलाकूट कहते हैं।


हेलेबेल्गोल

यह ग्राम श्रवणवेल्गोल से चार मील उत्तर की ओर है। यहाँ का होय्सल-शिल्पकला का वना हुआ जैन मदिर ध्वस्त

अवस्था मे है। गर्भगृह मे अढ़ाई फुट की खड्गासन मूर्ति है। कुछ खडित मूर्त्तियाँ भी है।

साणेहल्लि

यह ग्राम श्रवणबेलगोल से तीन मील पर है। यहाँ एक ध्वस्त जैन मदिर है। इसे गगराज की भावज जक्किमव्वे ने निर्माण कराया था।



हलेविड के विजयपार्श्वनाथ

: ९ :

दक्षिण के अन्य जैन-तीर्थ

हलेबिड

यह स्थान श्रवणबेल्गोल से ६४ मील और बेलूर से १० मील है। इसे द्वारसमुद्र भी कहते है। किसी समय इस नगर के आसपास ७२० जिनमदिर थे, जिनको लिगायतो ने नष्ट कर दिया। उनके भग्नावशेष आज भी जैन गौरव का स्मरण करा रहे है।

हलेबिड एक समय होय्सल नरेश विष्णुवर्द्धन की राजधानी थी। इसका राज्यकाल सन् ११११ से ११४१ ईस्वी था। पहले यह जैनधर्मानुयायी था। सन् १११७ ईस्वी मे इसने श्री रामानुज के प्रभाव मे आकर वैष्णव धर्म अगीकार किया और इसके स्मृतिरूप विष्णुवर्द्धन ने बेलूर मे एक बहुत विशाल केशव मदिर बनवाया था। जैनधर्म छोडने के पश्चात् इसने न केवल जैन मन्दिरो का ध्वस कराया, अपितु अगणित जैनियो को मृत्यु के घाट उतारा और उन्हे अनेक प्रकार के कष्ट दिये।

'स्थलपुराण' मे वर्णन है, कि पृथ्वी विष्णुवर्द्धन के द्वारा जैनो को दिए हुए कष्ट सहन न कर सकी और उसके अत्याचार और संताप के कारण हलेबिड के दक्षिण मे कई बार भूकम्प आये और पृथ्वी का कुछ भाग भू-गर्भ मे समा गया। जनता

की काफी क्षति हुई। यद्यपि विष्णुवर्द्धन ने कई बार शांति-यज्ञ कराया, पर सब व्यर्थ। बहुत व्यय करने पर भी वह प्रकृति के रोष को न रोक सका। अन्त में विष्णुवर्द्धन को श्री शुभचन्द्राचार्य के पास श्रवणबेलगोल जाना पड़ा।

आचार्य महोदय को, उसके जैनों पर किये गये अत्याचारों के समाचार पहले ही विदित थे। पहले तो उन्होंने उसकी प्रार्थना स्वीकार नही की, किन्तु बहुत अनुनय-विनय के पश्चात् प्रजा के हित को ध्यान में रखकर उन्होंने विष्णुवर्द्धन को क्षमा किया। राजा ने जैनधर्म का विरोध न करने की प्रतिज्ञा की तथा राज्य की ओर से जैन-मदिरो और मठो को जो दान दिया जाता था, उसको पूर्ववत् देने का आश्वासन दिलाया। इसके पश्चात् शाति-विधान हुआ।

हलेबिड मे सन् ११३३ ईस्वी मे बोप्पा ने, अपने पिता गगराज की स्मृति मे २३वे तीर्थङ्कर भगवान् पार्श्वनाथ का मदिर निर्माण कराया, जिसमे पार्श्वप्रभु की खड्गासन १४ फुट ऊँची काले पत्थर की बहुत मनोज्ञ प्रतिमा है। मूर्ति के दोनो ओर धरणेन्द्र और पद्मावती है। मूर्ति की आकृति श्रवण-बेलगोल के गोम्मटेश्वर-जैसी ही है। इस मदिर के १४ स्तभ कसौटी के पत्थर के है। आगे के दो स्तभो पर पानी डालने से उनका रग काले से हरा हो जाता है। उसमे मनुष्य की उल्टी और फैली हुई छाया दिखाई देती है। मन्दिर यद्यपि बाहर से सादा है, किन्तु उसके अन्दर की कारीगरी दर्शनीय है। द्वार के दाहिनी ओर एक यक्ष की और बाई ओर कूष्माडिनीदेवी की मूर्ति है, समीप में एक सुन्दर सरोवर है।

कहते है कि जिस दिन इस मदिर की प्रतिष्ठा हुई, उसी दिन होय्सल नरेश विष्णुवर्द्धन की एक युद्ध मे विजय हुई और उसी दिन उनके पुत्र भी उत्पन्न हुआ। इस हर्षोपलक्ष मे विष्णुवर्द्धन ने दान दिया और भगवान् पार्श्वनाथ के दर्शन करके उसका नाम 'विजयपार्श्वनाथ' रक्खा।

यहा पर ऐसे ही दो मन्दिर और है। मध्य के मन्दिर मे प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेव की मूर्ति है। यह मन्दिर सन् ११३८ में हेगडे मल्लिमाया ने वनवाया था। तृतीय मन्दिर सन् १२०४ ईस्वी का वना हुआ है। इसमे १४ फुट ऊची भगवान् शातिनाथ की खड्गासन प्रतिमा है। यहां कई शिलालेख भी है। एक जैन मुनि का अपने शिष्य को उपदेश देने का दृश्य वडा ही प्रभावोत्पादक है। मूर्ति के दोनो ओर मस्तकाभिषेक करने के लिए नि श्रेणि (जीना) वनी हुई ह, मदिर के सामने मानस्तम्भ पर गोम्मटेश्वर की मूर्ति है।

हलेबिड मे देखने योग्य एक होय्सलेश्वर मदिर भी है। जितने स्थान मे चतुर कारीगर ने यह मन्दिर वनाया, समस्त ससार मे इतने स्थान में इससे अधिक कारीगरी का मन्दिर अन्यत्र नही। इतिहासज्ञो का अनुमान है, कि इस मन्दिर के निर्माण में ८६ वर्ष लगे और फिर भी यह अधूरा रहा। उसका शिखर अभी तक पूरा नही हुआ। यह भी शिल्प-कला का वेजोड नमूना है। मन्दिर की वाहरी दीवारो पर हाथी, सिंह और नाना प्रकार के पक्षी, देवी-देवता तथा ७०० फुट लम्बाई मे रामायण के दृश्य दिखलाए गये हैं।

हलेविड में आज जैनियो की आवादी नही है। सडक के एक ओर होने के कारण उत्तर भारत के यात्री भी वहां कम जाते है।

वेणूर

यह ग्राम दक्षिण कनारा (कर्णाटक) मे हलेविड से लगभग ६० मील है। यहा पर श्रवणवेल्गोल के भट्टारक चारुकीर्ति की प्रेरणा से सन् १६०४ ईस्वी में चामुण्डराय के कुटुम्वी थिम्मराज ने भगवान् वाहुवली की ३७ फुट ऊंची खड्गासन प्रतिमा प्रतिष्ठित कराई थी। थिम्मराज ने एक मन्दिर शातिनाथ भगवान् का निर्माण कराया। गोम्मटेश्वर की मूर्ति गुरपुर नदी के वाए तट पर प्राकार में अत्यन्त मनोज्ञ और मनोहर दिखाई देती है। इनके अतिरिक्त वेणूर में ४ मन्दिर और है। एक मन्दिर मे तो एक हज़ार से अधिक प्रतिमाए विराजमान है।

मूडबद्री

वेणूर से मगलोर जिले मे मूडवद्री केवल १२ मील है। यहा जो धर्मशाला है उसमे एक समय में १०० से अधिक यात्री नही ठहर सकते। मूडवद्री किसी समय जैनविद्या का केन्द्र रहा है। वहा के शास्त्रभडारो तथा मन्दिरो का प्रवन्ध भट्टारक और पंचो के आधीन है। आज भी वहा के शास्त्रभडारो में अनेक अनुपलब्ध ग्रथ ताडपत्रों पर अकित है। धवलादि सिद्धातग्रथो की एकमात्र प्राचीनतम प्रतिया यही सुरक्षित है।

यहा पर कुल २२ मन्दिर है। इनमें चन्द्रप्रभु का मन्दिर,

सिद्धातमन्दिर और गुरुमन्दिर विशेष दर्शनीय है। चन्द्र-प्रभ् भगवान् का मन्दिर अत्यन्त प्राचीन और विशाल है। इसके चारो तरफ दो कोट, मानस्तभ और दो हाथी है। चन्द्रप्रभु की विशाल प्रतिमा पञ्च धातुओ की बनी हुई है। धातु की इतनी बडी प्रतिमा अन्यत्र कही देखने मे नही आई। इस मन्दिर को 'त्रिभुवन-तिलक-चूडामणि' कहते हैं। यह मन्दिर सन् १४२९ ईस्वी में ८-१० करोड़ रुपये की लागत से बना था। इसी मदिर की दूसरी मजिल में सहस्रकूट जिनालय में धातु की १००८ प्रतिमाए अत्यन्त मनोहर है।

'सिद्धान्तवस्ति' मन्दिर में 'षटखडागम सूत्रादि' सिद्धात ग्रथ है। हीरा, पन्ना, मूगा, गरुडमणि, पुष्पराग, वैडूर्य, चादी, सोना आदि की ३५ प्रतिमाए है। इन प्रतिमाओ के दर्शन प्राय· शाम को तीन से पाच बजे तक पञ्च लोग कुछ भडार लेकर कराते है। यह रुपया मूडबद्री के समस्त मदिरो के जीर्णोद्धार में व्यय होता है।

'गुरुवस्ति' मदिर में भगवान् पार्श्वनाथ की १० फुट ऊची मनोज्ञ प्रतिमा है।

इनके अतिरिक्त मूडबद्री में होसा वस्ति, विक्रमसेठी वस्ति, हीरी व अम्मनोर वस्ति, विट्टकेरी वस्ति, कोरी वस्ति, लिप्पद वस्ति, देरमसेठी वस्ति, कल्लु वस्ति, छोटी वस्ति, मादयसेठी वस्ति, वैकी वस्ति, केरे वस्ति, पडू वस्ति तथा भट्टारकजी का मन्दिर है।

कारकल अतिशय क्षेत्र

यह स्थान मुडबद्री से १० मील दूर है। प्रवन्ध यहा के

भट्टारकजी के हाथ में है और वही ठहरने की व्यवस्था करते हैं। भट्टारकजी के मठ से शहर आधा मील दूर पडता है। मठ के समीप ही पाठशाला, कुआ और तालाब है। मठ के उत्तर की ओर चौरासा पहाड पर एक मन्दिर है। इसमें ऋषभदेव से लेकर वासुपूज्य पर्यन्त चार दिशाओ मे १०-१० हाथ ऊची बारह खड्गासन प्रतिमाएं है। दक्षिणदिशा के पहाड पर कोट खिंचा हुआ है। एक फर्लाङ्ग ऊपर चढने पर ४२ फीट ऊची भगवान् बाहुबलि की प्रतिमा के दर्शन करके मन प्रसन्न हो जाता है।

इस मूर्ति को सन् १४३२ ई० में कारकलनरेश वीर पाड्य ने निर्माण कराया था। यहाँ भैरव, ओडेयर वश के राजा प्राय सब जैन थे। शान्तारवश के महाराज लोकनाथरस के शासनकाल में सन् १३३४ ई० मे कुमुदचन्द्र भट्टारक के बनवाये हुए शान्तिनाथ मन्दिर को उनकी बहनो और राज्याधिकारियो ने दान दिया था।

जब कि श्रवणवेल्गोल की मूर्ति विन्ध्यगिरि के पाषाण मे से काट कर बनाई गई है, कारकल की विशाल मूर्ति, इस पहाडी से भिन्न प्रकार के पत्थर मे से बनाकर, पहाडी के ऊपर दूर से लाकर विराजमान की गई है।

कन्नडी की कविता 'कारकल गोम्मटेश्वर चरित्र' मे वर्णन है कि कारकल के गोम्मटेश्वर की प्रतिमा को ले जाने के लिये एक २० पहियो की लम्बी गाडी बनवाई गई थी और इसको ऊपर ले जाने के लिए पूरा एक महीना लगा था। आज इसका अनुमान लगाना भी कठिन है, कि यह सब कैसे

हुआ। इस पर कितना व्यय हुआ होगा ?

वरांग क्षेत्र

यह स्थान कारकल से ३४ मील है। यहा एक धर्मशाला, कुआं, मकान व विशाल मदिर है। उसमे लगभग २०० छोटी-बड़ी प्रतिमाएं है। इस मदिर के सामने के तालाव में पावापुरी के समान कमल फूले रहते है। वीच मे मदिर है। उसके चारो तरफ चारो दिशा में दस प्रतिमाए शातमुद्रा-दशा में विराज रही है। यहा का प्रवन्ध पद्मावति होमचवाले भट्टारक के हाथ मे है। इनके पास इस क्षेत्र सम्वन्धी 'स्थलपुराण' और 'माहात्म्य' वतलाया जाता है।

स्तवनिधि

यह स्थान वेलगाव-कोल्हापुर रोड पर, वेलगाव से ३८ मील पर रमणीक जगल मे है। यहा भगवान् पार्श्वनाथ की अतिशयवती प्रतिमा है। महावीरजी तीर्थ के समान यहां भी हज़ारो यात्री मनोति मनाने आते है। यहा चार मदिर और एक मानस्तम्भ है।

सिद्धक्षेत्र कुंथलगिरि

इस तीर्थ के सम्वन्व मे निर्वाणकाड मे निम्नलिखित गाथा आती है —

"वंसत्थलवणणियरे, पच्छिमभायम्भिकुथुगिरिसिहरे।
कुल-देश-भूषण मुणी, णिव्वाणगया णमो तेसि।"

यह तीर्थ वार्सी टाउन से २२ मील कच्ची सडक पर है। वार्सी टाउन को शोलापुर होकर जाते है।

यहा पर एक धर्मशाला और कुल दस मन्दिर तथा अच्छी-अच्छी प्रतिमाए है। एक मदिर मे भौंहरा है। पहाड़ पर जाने को सीढिया लगी है। बीच मे सब मदिर पड़ते हैं। पहाड़ का चढाव सरल है। ऊपर बहुत बडा मूलनायक का मंदिर है। उसमे श्री आदिनाथ की प्राचीन प्रतिमा विराज-मान है। देशभूषण और कुलभूषण मुनि यहा से मोक्ष को पधारे है। उन्हीकी चरण-पादुकाए है।

: १० :

श्रवणबेलगोल-स्तवन

(१)

तुम प्राचीन कलाओं का आदर्श विमल दरशाते
भारतके ध्रुव गौरव-गढ़ पर जैन-केतु फहराते
कला-विश्व के सुप्त प्राण पर अमृत-रस बरसाते
निधियों के हत साहस में नवनिधि-सौरभ सरसाते
आओ इस आदर्श कीर्ति के दर्शन कर हरषाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युग में जय पाओ ॥

(२)

शुभस्मरण कर तीर्थराज हे शुभ्र अतीत तुम्हारा
फूल-फूल उठता है अन्तस्तल स्वयमेव हमारा
सुरसरि-सदृश बहा दी तुमने पावन गौरव-धारा
तीर्थक्षेत्र जग में तुम हो देदीप्यमान ध्रुवतारा
खिले पुष्प की तरह विश्व में नवसुगन्ध महकाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युग में जय पाओ ॥

(३)

दिव्य विंध्यगिरि भव्य चन्द्रगिरि की शोभा है न्यारी
पुलकित हृदय नाच उठता है हो बरबस आभारी
श्रुत-केवली सुभद्रबाहु सम्राट् महा यश-धारी
तप तप घोर समाधिमरण कर यहीं कीर्ति विस्तारी
उठो पूर्वजों की गाथाएं जग का मान बढाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युगमें जय पाओ ॥

(४)

सात-आठ सौ शिलालेख का है तुममें दुर्लभ धन
श्रावक-राजा-सेनानी श्राविका-आर्यिका मुनिजन
धीर-वीर-गम्भीर कथाए धर्म-कार्य संचालन
उक्त शिलालेखों में है इनका सुन्दरतम वर्णन
दर्शन कर इस पुण्य क्षेत्रका जीवन सफल बनाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युगमें जय पाओ ॥

(५)

पशु-रक्षा पर प्राण दिये जिन लोगोने हँस-हँस कर
वीर-वधू सायिर्व* लड़ी पति-संग समर के स्थल पर
चन्द्रगुप्त सम्राट् मौर्यका जीवन अति उज्ज्वलतर
चित्रित है इसमें इन सबका स्मृति-पट महामनोहर
आ-आ एक वार तुम भी इसके दर्शन कर जाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युगमें जय पाओ ॥

(६)

मन्दिर अति-प्राचीन कलामय यहां अनेक सुहाते
दुर्लभ मानस्तम्भ मनोहर अनुपम छवि दिखलाते
यहा अनेकानेक विदेशी दर्शनार्थ है आते
यह विचित्र निर्माण देख आश्चर्यचकित रह जाते
अपनी निरुपम कला देखने देशवासियों ! आओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युगमें जय पाओ ॥

(७)

प्रतिमा गोम्मटदेव बाहुबलि की अति-गौरवशाली
देखो कितनी आकर्षक है चित्त-लुभानेवाली
बढ़ा रही शोभा शरीर पर चढ लतिका शुभशाली
मानो दिव्य कलाओने अपने हाथों ही ढाली

---

*इनका प्राकृत नाम शावियब्बे है।

इस उन्नति के मूल केन्द्र में जीवन ज्योति जगाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युगमें जय पाओ ॥

(८)

ऊंचे सत्तावन सुफीट पर नभसे शीश लगाए
शोभा देती जैनधर्म का उज्ज्वल यश दरशाए
जिसने कौशल-कला-कलाविद के सम्मान बढ़ाए
देख-देख हैदर-टीपू-सुल्तान जिसे चकराए
आओ इसका गौरव लख अपना सम्मान बढ़ाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थं तुम युग-युगमें यश पाओ ॥

(९)

गग-वंश के राचमल्ल नृप विश्व-कीर्ति-व्यापक हैं
नृप-मन्त्री चामुण्डरायजी जिसके संस्थापक हैं
जो निर्माण हुआ नौसे नव्वे में यशवर्द्धक है
राज्य-वंश मैसूर आजकल जिसका संरक्षक है
उसकी देख-रेख रक्षामें अपना योग लगाओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युगमें जय पाओ ॥

(१०)

कहे लेखनी पुण्य-तीर्थ क्या गौरव-कथा तुम्हारी
विस्तृत कीर्ति-सिन्धु तरने में है असमर्थ विचारी
नत मस्तक अन्तस्तल तन-मन-धन तुम पर वलिहारी
शत-शत नमस्कार तुम को हे नमस्कार अविकारी
फिर सम्पूर्ण विश्व में अपनी विजय-ध्वजा फहराओ
वन्दनीय हे जैनतीर्थ तुम युग-युगमें जय पाओ ॥

जै० सि० भास्कर से] [कल्याणकुमार जैन 'शशि'

: ११

बाहुबलि-स्तवन

जिस वीरने हिंसा की हुकूमत को मिटाया ।
जिस वीरके अवतार ने पाखण्ड नशाया ॥
जिस वीरने सोती हुई दुनिया को जगाया ।
मानव को मानवीयता का पाठ पढाया ॥
उस वीर, महावीर के कदमो में झुका सर ।
जय बोलियेगा एक बार प्रेम से प्रियवर !

कहता हूँ कहानी मैं सुनन्दा के नन्द की ।
जिसने न कभी दिल में गुलामी पसन्द की ॥
नौवत भी आई भाई से भाई के द्वन्द की ।
लेकिन न मोड़ा मुँह, न जुबां अपनी बन्द की ॥
आजादी छोड जीना जिसे नागवार था ।
बेशक स्वतन्त्रता से मुहब्बत थी, प्यार था ॥

थे 'बाहुबलि' छोटे, 'भरतराज' बड़े थे ।
छह-खण्ड के वैभव सभी पैरों में पडे थे ॥
थे चक्रवर्ति, देवता सेवा में खड़े थे ।
लेकिन थे वे भाई कि जो भाई से लडे थे ॥
भगवान ऋषभदेव के वे नौनिहाल थे ।
सानी न था दोनों ही अनुज बे-मिसाल थे ॥

भगवान तो, दे राज्य, तपोवन को सिधारे ॥
करने थे उन्हें नष्ट-भ्रष्ट कर्म के आरे ।
रहने लगे सुख-चैन से दोनों ही दुलारे ।
थे अपने-अपने राज्य में सन्तुष्ट बिचारे ॥

इतने में उठी क्रान्ति की एक आग विषैली।
जो देखते ही देखते ब्रह्माण्ड में फैली ॥

करने के लिए दिग्विजय भरतेश चल पड़े।
कदमों में गिरे शत्रु, नहीं रह सके खड़े ॥
थी ताब, यह किसकी कि जो चक्री से आ लड़े ?
यों, आके मिले आप ही राजा बड़े-बड़े ॥
फिर हो गया छह्-खण्ड में भरतेश का शासन।
पुजने लगा अमरो से नरोत्तम का सिंहासन ॥

था सबसे बड़ा पद जो हुकूमत का वो पाया।
था कौन बचा, जिसने नहीं सिर था झुकाया ?
दल देव-व-दानव का जिसे पूजने आया।
फिरती थी छहों खण्ड में भरतेश की छाया ॥
यह सत्य हर तरह है कि मानव महान् था।
गो, था नहीं परमात्मा, पर, पुण्यवान् था ॥

जब लौटा राजधानी को चक्रीश का दल-बल।
जिस देश में आया कि वहीं पड गई हल-चल ॥
ले-लेके आए भेंट—जवाहरात, फूल-फल।
नरनाथ लगे पूछने—भरतेश की कुशल ॥
स्वागत किया, सत्कार किया सबने मोद भर।
था गूंजता भरतेश की जयघोष से अम्बर ॥

था कितना विभव साथ में, कितना था सैन्य-बल।
कैसे करूं बयान, नहीं लेखनी में बल ॥
हां इतना, इशारा ही मगर काफी है केवल।
सब कुछ था मुहैया, जिसे कर सकता पुण्य-फल ॥
सेवक करोड़ों साथ थे, लाखो थे ताजवर।
अगणित थे अस्त्र, शस्त्र; देख थरहरे कायर ॥

उत्सव थे राजधानी के हर शख्स के घर में।
खुशियां मनाई जा रही थीं खूब नगर में॥
थे आ रहे चक्रीश, चक्ररत्न ले कर में।
चर्चाएँ दिग्विजय की थीं घर-घर में डगर में॥
इतने में एक बाधा नई सामने आई।
दम-भर के लिए सबको मुसीबत-सी दिखाई॥

जाने न लगा चक्र नगर-द्वार के भीतर।
सब कोई खड़े रह गए जैसे कि हों पत्थर॥
सब रुक गईं सवारियां, रास्ते को घेर कर।
गोया थमा हो मन्त्र की ताकत से समुन्दर॥
चक्रीश लगे सोचने—'ये माजरा क्या है?
है किसकी शरारत कि जो ये विघ्न हुआ है?'

क्योंकर नहीं जाता है चक्र अपने देश को?
है टाल रहा किसलिये अपने प्रवेश को?
आनन्द में क्यों घोल रहा है कलेश को?
मिटना रहा है शेष, कहा के नरेश को?
बाकी बचा है कौन-सा इन छहों खण्ड में?
जो डूब रहा आज तक अपने घमण्ड में॥

जब मंत्रियों ने फिक्र में चक्रीश को पाया।
माथा झुका के, सामने आ भेद बताया॥
'बाहुबली का गढ़ नहीं अधिकार में आया।
है उसने नहीं आके अभी शीश झुकाया॥
जबतक न वे अधीनता स्वीकार करेंगे।
तबतक प्रवेश देश में हम कर न सकेंगे'॥

क्षण-भर तो रहे मौन, फिर ये बैन उचारा।—
'भेजो अभी आदेश उन्हें दूत के द्वारा'॥

आदेश पा भरतेश का तब भृत्य सिधारा ।
लेकर के चक्रवर्ती की आज्ञा का कुठारा ॥
वाचाल था, विद्वान, चतुर था, प्रचण्ड था ।
चक्री के दूत होने का उसको घमण्ड था ॥

बोला कि—'चक्रवर्ति को जा शीश झुकाओ ।
या रखते हो कुछ दम तो फिर मैदान में आओ ।
मैं कह रहा हूँ उसको शीघ्र ध्यान में लाओ ।
स्वामी की शरण जाओ, या वीरत्व दिखाओ ॥'
सुनते रहे बाहूवली गंभीर हो वानी ।
फिर कहने लगे दूत से वे आत्म-कहानी ॥

'रे, दूत ! अहंकार में खुद को न डुबा तू ।
स्वामी की विभव देख कर मत गर्व में आ तू ॥
वाणी को और बुद्धि को कुछ होश में ला तू ।
इन्सान के जामे को न हैवान बना तू ॥
सेवक की नहीं जैसी कि स्वामी की जिन्दगी ।
क्या चीज है दुनिया में गुलामी की जिन्दगी ॥

स्वामी के इशारे पै जिसे नाचना पड़ता ।
ताज्जुब है कि वह शख्स भी, है कैसे अकड़ता ?
मुर्दा हुई-सी रूह में है जोश न दृढ़ता ।
ठोकर भी खा के स्वामी के पैरो को पकड़ता ॥
वह आ के अहंकार की आवाज में बोले ।
अचरज की बात है कि लाश पुतलिया खोले ॥'

सुनकर ये, राजदूत का चेहरा बिगड गया ।
चुपचाप खडा रह गया, लज्जा से गड गया ॥
दिल से ग़रूर मिट गया, पैरों में पड गया ।
हैवानियत का डेरा ही गोया उखड़ गया ॥

पर, बाहूबली-राज का कहना रहा जारी ।
वह यों, जवाब देने की उनकी ही थी बारी ॥

बोले कि—'चक्रवर्ति से कह देना ये जाकर ।
बाहूबली न अपना झुकाएँगे कभी सर ॥
मैं भी तो लाल उनका हूँ हो जिनके तुम पिसर ।
दोनो को दिए थे उन्होंने राज्य बराबर ॥
सन्तोष नहीं तुमको ये अफसोस है मुझको ।
देखो जरा से राज्य पै, क्या तो है मुझको ॥

अब मेरे राज्य पर भी है क्यों दांत तुम्हारा ?
क्यों अपने बड़प्पन का चलाते हो कुठारा ?
मैं तुच्छ-सा राजा हूँ, अनुज हूँ मैं तुम्हारा ।
दिखलाइयेगा मुझको न वैभव का नजारा ॥
नारी की तरह होती है राजा की सल्तनत ।
यों, बन्धु की गृहणी पै न बद कीजिए नीयत ॥

छोटा हूँ, मगर स्वाभिमान मुझमें कम नहीं ।
बलिदान का बल है, अगर लड़ने का दम नहीं ॥
'स्वातंत्र' के हित प्राण भी जाएँ तो ग़म नहीं ।
लेकिन तुम्हारा दिल है वह जिसमें रहम नहीं ॥
कह देना चक्रधर से झुकेगा ये सर नहीं ।
बाहूबली के दिल पै जरा भी असर नही ॥

बेचूंगा न आजादी को, लेकर मै गुलामी ।
भाई है बराबर के, हों क्यों सेवको स्वामी ?
मत डालिए अच्छा है यही प्यार में खामी ।
आऊँगा नहीं जीते-जी देने को सलामी ॥'
सुन कर के वचन, राजदूत लौट के आया ।
भरतेश को आकर के सभी हाल सुनाया ॥

चुप सुनते रहे जव तलक, कावू में रहा दिल ।
पर, देर तक खामोशी का रखना हुआ मुश्किल ॥
फिर बोले जरा जोर से, हो क्रोध से ग़ाफिल ।
'मरने के लिए आएगा, क्या मेरे मुकाविल ?
छोटा है, मगर उसको वडा-सा ग़रूर है ।
मुझको घमण्ड उसका मिटाना जरूर है ॥

फिर क्या था, समर-भूमि में वजने लगे वाजे ।
हथियार उठाने लगे नृप थे जो विराजे ॥
घोड़े भी लगे हींसने, गजराज भी गाजे ।
कायर थे, छिपा आंख वे रण-भूमि से भाजे ॥
सुभटों ने किया दूर जव इन्सान का जामा ।
घन-घोर से संग्राम का तव सज गया सामां ॥

दोनो ही पक्ष आ गए, आकर अनी भिडी ।
सवको यकीन यह था कि दोनो में अव छिड़ी ॥
इतने में एक वात वहा ऐसी सुन पडी ।
जिसने कि युद्ध-क्षेत्र में फैला दी गड़वडी ॥
हाथों में उठे रह गए जो शस्त्र उठे थे ।
मुंह रह गए वे मौन जो कहने को खुले थे ॥

ये सुन पड़ा—न वीरों के अव खून वहेंगे ।
भरतेश व वाहूवली खुद आके लड़ेंगे ॥
दोनों ही युद्ध करके स्व-वल आजमालेगे ।
हारेंगे वही विश्व की नजरो में गिरेंगे ॥
दोनो ही वली, दोनो ही है चरम-शरीरी ।
धारण करेंगे वाद को दोनो ही फकीरी ॥

क्या फायदा है व्यर्थ में जो फौज कटाएं ?
वेकार ग़रीवों का यहां खून वहाएं ?

दोजख का सीन किसलिए हम सामने लाएं ?
क्यो नारियों को व्यर्थ में विधवाए वनाए ?
दोनो के मत्रियो ने इसे तय किया मिलकर ।
फिर दोनो नरेशो ने दी स्वीकारता इस पर ॥

तव युद्ध तीन किस्म के होते है मुकर्रर ।
जल-युद्ध, मल्ल-युद्ध, दृष्टि-युद्ध, भयकर ॥
फिर देर थी या ? लडने लगे दोनो विरादर ।
दर्शक है खडें देखते इकटक किए नजर ॥
कितना यह दर्दनाक है दुनिया का रवैया ।
लडता है जर-जमीं को यहा भैया से भैया ॥

अचरज में सभी डूबे जव ये सामने आया ।
जल-युद्ध में चक्री को वाहूबलि ने हराया ॥
झुंझला उठे भरतेश कि अपमान था पाया ।
था सव, कि है जग अभी और वकाया ॥
'इस जीत में वाहूवली के कद की ऊचाई ।—
लोगो ने कहा—खूव ही वह काम में आई !!'

भरतेश के छींटे सभी लगते थे गले पर ।
वाहूवली के पडते थे जा आंख के अन्दर ॥
दुखने लगी आँखें, कि लगा जैसे हो खंजर ।
आखिर यो, हार माननी ही पड़ गई थक कर ॥
ढाईसौ-धनुष-दुगनी थी चक्रीश की काया ।
लघु-भ्रात की पच्चीस अधिक, भाग्य की माया ॥
फिर दृष्टि-युद्ध, दूसरा भी सामने आया ।
अचरज, कि चक्रवर्ति को इसमें भी हराया ॥
लघु-भ्रात को इसमें भी सहायक हुई काया ।
सव दग हुए देख ये अनहोनी-सी माया ॥

चक्रीश को पडती थी नजर अपनी उठानी ।
पडती थी जब कि दृष्टि वाहूवली को झुकानी ॥

गर्दन भी थकी, थक गए जव आंख के तारे ।
लाचार हो कहना पड़ा भरतेश को—'हारे' ॥
गुस्से में हुई आंखें, धधकते से अंगारे ॥
पर, दिल में वडे जोर से चलने लगे आरे ।
तन करके रोम-रोम खड़ा हो गया तन का ।
मुंह पर भी झलकने लगा जो क्रोध था मन का ॥
सव कांप उठे क्रोध जो चक्रीश का देखा ।
चेहरे पर उभर आई थी अपमान की रेखा ॥
सव कहने लगे–'अव के वदल जायेगा लेखा ।
रहने का नहीं चक्री के मन, जय का परेखा ॥'
चक्रीश के मन में था–'विजय अवके मैं लूंगा ।
आते ही अखाड़े, उसे मद-हीन करूंगा ॥'

वह वक्त भी फिर आ ही गया भीड के आगे ।
दोनो ही सुभट लड़ने लगे क्रोध में पागे ॥
हम भाग्यवान् इनको कहें, या कि अभागे ?
आपस में लड़ रहे जो खडे प्रेम को त्यागे ।
होती रही कुछ देर घमासान लडाई ।
भरपूर दावपेच में थे दोनों ही भाई ॥

दर्शक थे दंग—देख विकट युद्ध—थे थर-थर ।
देवों से घिर रहा था समर-भूमि का अम्बर ॥
नीचे था युद्ध हो रहा दोनों में परस्पर ।
वाहूवली नीचे कभी ऊपर थे चक्रधर ॥
फिर देखते ही देखते ये दृश्य दिखाया ।
वाहूवली ने भरत को कंधे पै उठाया ॥

यह पास था कि चक्री को धरती पै पटक दें।
अपनी विजय से विश्व की सीमाओं को ढक दें॥
रण-थल में बाहुबल से विरोधी को चटक दें।
भूले नहीं जो जिन्दगी-भर ऐसा सवक दें॥
पर, मन में सौम्यता की सही बात ये आई।—
'आखिर तो पूज्य है कि पिता-सम बड़े भाई!!'

उस ओर भरतराज का मन क्रोध में पागा।
'प्राणान्त कर दूं भाई का, यह भाव था जागा॥
अपमान की ज्वाला में मनुज-धर्म भी त्यागा।
फिर चक्र चलाकर किया सोने में सुहागा॥
वह चक्र जिसके बल पै छहों खण्ड झुके थे।
अमरेश तक भी हार जिससे मान चुके थे॥

कन्धे से ही उस चक्र को चक्री ने चलाया।
सुरनर ने तभी 'आह' से आकाश गुंजाया॥
सब सोच उठे—'दैव के मन क्या है समाया?'
पर चक्र ने भाई का नहीं खून बहाया॥
वह सौम्य हुआ, छोड बनावट की निठुरता।
देने लगा प्रदक्षिणा, धर मन में नम्रता॥

फिर चक्र लौट हाथ में चक्रीश के आया।
सन्तोष-सा, हर शख्स के चेहरे पै दिखाया॥
श्रद्धा से बाहूबलि को सबने भाल झुकाया।
फिर कालचक्र दृश्य नया सामने लाया॥—
भरतेश को रणभूमि में धीरे से उतारा।
तत्काल बहाने लगे फिर दूसरी धारा॥

धिक्कार है दुनिया कि है दमभर का तमाशा।
भटकाता, भ्रमाता है पुण्य-पाप का पाशा॥

कर सकते वफादारी की हम किस तरह आशा ?
हैं भाई जहाँ भाई ही के खून का प्यासा ॥
चक्रीश ! चक्र छोड़ते क्या यह था विचारा ?
मर जाएगा वेमौत मेरा भाई दुलारा ॥

भाई के प्राण से भी अधिक राज्य है प्यारा ।
दिखला दिया तुमने इसे, निज कृत्य के द्वारा ॥
तीनों ही युद्ध में हुआ अपमान तुम्हारा ।
जव हार गए, न्याय से हट चक्र भी मारा ॥
देवोपुनीत शस्त्र न करते हैं वश-घात ।
भूले इसे भी, आ गया जव दिल में पक्षपात ॥

प वच गया पर तुमने नहीं छोड़ी कसर थी ।
मोचो, जरा भी दिल में मुहव्वत की लहर थी ?
दिल में था जहर, आग के मानिंद नजर थी ।
थे चाहते कि जल्द वधे भाई की अरथी ॥
अन्धा किया है तुमको, परिग्रह की चाह ने ।
सव कुछ भुला दिया है गुनाहों की छाह ने ॥

सोचो तो, वना रह सका किसका घमण्ड है ?
जिसने किया उसीका हुआ खण्ड-खण्ड है ॥
अपमान, अहंकार की चेष्टा का दण्ड है ।
किस्मत का ववा, वल सभी वल में प्रचण्ड है ॥
है राज्य की ख्वाहिश तुम्हें लो राज्य संभालो ।
गद्दी पै विराजे उसे कदमों में झुकालो ॥

उस राज्य को धिक्कार कि जो मद में डुवा दे ।
अन्याय और न्याय का सव भेद भुला दे ॥
भाई की मुहव्वत को भी मिट्टी में मिला दे ।
या यों कहो—इन्सान को हैवान वनादे ॥

दरकार नहीं ऐसे घृणित राज्य की मन को।
मैं छोड़ता हूँ आज से इस नारकीपन को॥'

यह कहके चले बाहूवलि मुक्ति के पथ पर।
सब देखते रहे कि हुए हों सभी पत्थर॥
भरतेश के भीतर था व्यथाओं का ववण्डर।
स्वर मौन था, अटल थे, कि धरती पै थी नजर॥
आँखों में आगया था दुखी-प्राण का पानी।
या देख रहे थे खड़े वैभव की कहानी॥

× × × ×

जाकर के बाहुवलि ने तपोवन में जो किया।
उस कृत्य ने संसार सभी दंग कर दिया॥
तपव्रत किया कि नाम जहां में कमा लिया।
कहते हैं तपस्या किसे, इसको दिखा दिया॥
कायोत्सर्ग वर्ष भर अविचल खड़े रहे।
ध्यानस्थ इस कदर रहे, कवि किस तरह कहे?

मिट्टी जमी शरीर से सटकर, इधर-उधर।
फिर दूव उगी, वेलें वढीं वाहो पै चढ कर॥
वाबी वना के रहने लगे मौज से फनधर॥
मृग भी खुजाने खाज लगे ठूठ जानकर॥
निस्पृह हुए शरीर से वे आत्मध्यान में।
चर्चा का विषय वन गए सारे जहान में॥

पर, शल्य रही इतनी गोमटेश के भीतर।
'ये पैर टिके हैं मेरे चक्री की भूमि पर।'
इसने ही रोक रखा था कैवल्य का दिनकर।
वरना वो तपस्या थी तभी जाते पाप झर॥

यह वात वढी और सभी देश में छाई ॥
इतनी कि चक्रवर्ति के कानों में भी आई ॥
सुन, दौड़े हुए आए भक्तिभाव से भरकर ।
फिर बोले मधुर-वैन ये चरणों में झुका सर ॥
'योगीश ! उसे छोडिये जो द्वन्द है भीतर ।
हो जाय प्रगट जिससे शीघ्र आत्म दिवाकर ॥
हो धन्य, पुण्यमूर्ति ! कि तुम हो तपेश्वरी !
प्रभु ! कर सका है कौन तुम्हारी बरावरी ?
मुझसे अनेको चक्री हुए, होते रहेंगे ।
यह सच है कि सव अपनी इसे भूमि कहेंगे ॥
पर, आप सचाई पै अगर ध्यान को देंगे ।
तो चक्रधर की भूमि कभी कह न सकेंगे ॥
मै क्या हूँ ? तुच्छ ! भूमि कहाँ ? यह तो विचारो ।
काटा निकाल दिल से अकल्याण को मारो ॥'
चक्री ने तभी भाल को धरती से लगाया ।
पदरज को उठा भक्ति से मस्तक पै चढ़ाया ॥
गोया ये तपस्या का ही सामर्थ्य दिखाया—
पुजना जो चाहता था वही पूजने आया ॥
फिर क्या था, मन का द्वन्द सभी दूर हो गया ।
अपनी ही दिव्य-ज्योति से भरपूर हो गया ॥
कैवल्य मिला, देवता मिल पूजने आए ।
नरनारियों ने खूब ही आनन्द मनाए ॥
चक्री भी अन्तरग में फूले न समाए ।
भाई की आत्म-जय पै अश्रु आँख में आए ॥
है वदनीय, जिसने गुलामी समाप्त की ।
मिलनी जो चाहिए, वही आजादी प्राप्त की ॥

× × × ×

उन गोम्मटेश-प्रभु के सौम्य-रूप की झाकी ।
वर्षों हुए कि विज्ञ शिल्पकार ने आकी ॥
कितनी है कलापूर्ण, विशद्, पुण्य की झाकी ।
दिल सोचने लगता है, चूमू हाथ या टाकी ?
है श्रवणबेलगोल में वह आज भी सुस्थित ।
जिसको विदेशी देख के होते है चकितचित ॥

कहते है उसे विश्व का वे आठवा अचरज ।
खिल उठता जिसे देख अन्तरग का पकज ॥
झुकते है और लेते है श्रद्धा से चरणरज ।
ले जाते है विदेश उनके अक्स का कागज ॥
वह धन्य, जिसने दर्शनो का लाभ उठाया ।
बेशक सफल हुई है उसी भक्त की काया ॥

उस मूर्ति से है शान कि शोभा है हमारी ।
गौरव है हमें, हम कि है उस प्रभु के पुजारी ॥
जिसने कि गुलामी की बला सिर से उतारी ।
स्वाधीनता के युद्ध की था जो कि चिंगारी ॥
आजादी सिखाती है गोम्मटेश की गाथा ।
झुकता है अनायास भक्तिभाव से माथा ॥

× × × ×

'भगवत्' उन्हीं-सा शौर्य हो, साहस हो, सुबल हो ।
जिससे कि मुक्ति-लाभ ले, नर जन्म सफल हो ॥

अनेकांत से] [—भगवत जैन

वीरसेवामन्दिर के अन्य प्रकाशन

(१) पुरातन-जैनवाक्य-सूची—प्राकृतके प्राचीन ६४ मूल ग्रन्थोकी पद्यानुक्रमणी, जिसके साथ ४८ टीकादिग्रन्थो मे उद्धृत दूसरे प्राकृत पद्यो की भी अनुक्रमणी लगी हुई है। सब मिलाकर २५३५३ पद्य-वाक्यो की सूची। सयोजक और सम्पादक मुख्तार, जुगलकिशोर की गवेषणापूर्ण महत्व की १७० पृष्ठ की प्रस्तावना से अलकृत, डा० कालिदास नाग एम ए, डी लिट् के प्राक्कथन (Foreword) और डा ए एन उपाध्याय एम ए, डी लिट् की भूमिका (Introduction) से विभूषित है। शोध-खोज के विद्वानो के लिए अतीव उपयोगी, वडा साइज़, सजिल्द १५)
(प्रस्तावनादि का अलग से मूल्य ५ रु)

(२) आप्तपरीक्षा—श्रीविद्यानन्द्याचार्य की स्वोपज्ञसटीक अपूर्वकृति, आप्तो की परीक्षा-द्वारा ईश्वर-विषय के सुन्दर, सरस और सजीव विवेचन को लिये हुए, न्यायाचार्य प० दरबारीलाल के हिन्दी अनुवाद तथा प्रस्तावनादि से युक्त। सजिल्द ८)

(३) न्यायदीपिका—न्याय-विद्या की सुन्दर पोथी, न्यायाचार्य प० दरबारीलालजी के सस्कृत टिप्पण, हिन्दी अनुवाद, विस्तृत प्रस्तावना और अनेक उपयोगी परिशिष्टो से अलकृत। सजिल्द ५)

(४) स्वयम्भूस्तोत्र—समन्तभद्रभारती का अपूर्व ग्रन्थ, मुख्तार जुगलकिशोर के विशिष्ट हिन्दी अनुवाद, छन्दपरिचय, समन्तभद्र-परिचय और भक्तियोग, ज्ञानयोग तथा कर्मयोग का विश्लेषण करती हुई महत्व की गवेषणापूर्ण १०६ पृष्ठ की प्रस्तावना से सुशोभित। २)

(५) स्तुतिविद्या—स्वामी समन्तभद्र की अनोखी कृति, पापो को जीतने की

कला, सटीक, सानुवाद और जुगलकिशोरमुख्तारकी महत्वकी प्रस्तावना से अलकृत, सुन्दर जिल्द-सहित। १॥)

(६) अध्यात्मकमलमार्तण्ड—पचाध्यायीकार कवि राजमल्लकी सुन्दर आध्यात्मिक रचना, हिन्दी अनुवाद-सहित और मुख्तार जुगलकिशोर की खोजपूर्ण ७८ पृष्ठ की विस्तृत प्रस्तावना से भूषित। १॥)

(७) युक्त्यनुशासन—तत्वज्ञान से परिपूर्ण समन्तभद्र की असाधारण कृति, जिसका अभी तक हिन्दी अनुवाद नही हुआ था। मुख्तार जुगलकिशोर के विशिष्ट हिन्दी अनुवाद और प्रस्तावनादिसे अलकृत, सजिल्द १।)

(८) श्रीपुरपार्श्वनाथस्तोत्र—आचार्य विद्यानन्दिरचित, महत्व की स्तुति, न्या प दरबारीलाल के हिन्दी अनुवादादि-सहित। ॥।)

(९) शासनचतुस्त्रिंशिका—(तीर्थ-परिचय)—मुनि मदनकीर्ति की १३वी शताब्दी की सुन्दर रचना,न्या प दरबारीलाल के हिन्दी अनुवादादि-सहित .... ॥।)

(१०) सत्साधु-स्मरण-मगलपाठ—श्रीवीर वर्द्धमान और उनके बाद के २१ महान् आचार्यों के १३७ पुण्य स्मरणो का महत्वपूर्ण सग्रह, सयोजक मुख्तार जुगलकिशोर के हिन्दी अनुवादादि-सहित। ॥)

(११) विवाह-समुद्देश्य—मुख्तार जुगलकिशोर का लिखा हुआ विवाह का सप्रमाण मार्मिक और तात्त्विक विवेचन .... ॥)

(१२) अनेकान्त-रस-लहरी—अनेकान्त जैसे गूढ गभीर विषय को अतीव सरलता से समझने-समझाने की कुञ्जी, मुख्तार जुगलकिशोर-लिखित। .. .... ।)

(१३) अनित्यभावना—श्रीपद्मनन्दि आचार्य की महत्त्व की रचना, मुख्तार जुगलकिशोर के हिन्दी पद्यानुवाद और भावार्थ-सहित। ।)

(१४) तत्वार्थसूत्र (प्रभाचन्द्रीय)—मुख्तार जुगलकिशोर के हिन्दी अनुवाद तथा व्याख्या से युक्त .... ।)

(१५) वनारसी नाममाला—कविवर वनारसीदास की सुन्दर रचना, शब्दकोश-सहित .. .. ।)

(१६) उमास्वामी-श्रावकाचार-परीक्षा—मुख्तार जुगलकिशोर के द्वारा लिखित ग्रन्थ-परीक्षाओ के इतिहास-सहित ।)

(१७) समाधितन्त्र—श्रीपूज्यपादाचार्य-विरचित उत्तम आध्यत्मिक ग्रन्थ, सस्कृतटीका, हिंदी अनुवाद और मुख्तार जुगलकिशोर की खोजपूर्ण प्रस्तावनाके साथ। (इसका पहला सस्करण समाप्त हो चुका है) अव यह पुन 'इष्टोपदेश' के साथ छप रहा है।

वीर सेवा मन्दिर

१, दरियागज, दिल्ली